आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 310 -● जबलपुर ● बुधवार, 14 दिसम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष कृष्ण पक्ष-6 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## नेपाल में बस पलटी 17 लोगों की मौत

**काठमांठू,एजेंसी।** नेपाल में पार्टी से लौट रहे लोगों से भरी बस पलट गई। हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसा राजधानी काठमांडू से करीब 48चरूपूर्व में स्थित बेथनचौक गांव के पास हुआ। हादसे के पीछे का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है।

## फिरोजाबाद में बस खाई में गिरी 6 यात्रियों की मौत, 21 घायल



**फिरोजाबाद , ईएमएस।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में लुधियाना से रायबरेली जा रही यात्रियों से भरी एक बस खाई में गिर गई। हादसे में बस में सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 21 लोग घायल हो गए। बस में कुल 45 यात्री सवार थे। हादसा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बुधवार सुबह 4ः30 बजे हुआ।थाना नगला खंगर पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# शराबबंदी वाले बिहार में फिर 12 लोगों की मौत

## जहरीली शराब पीने से जान जाने की आशंका



**छपरा ईएमएस।** बिहार में एक बार फिर जहरीली शराब का कहर देखने को मिला है। छपरा में बीते 24 घंटे के भीतर 10 लोगों की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। जहरीली शराब का सेवन करने के बाद इनकी जान जाने की बात कही जा रही है। सभी मृतक नरक इसुआपुर और अमनौर के रहने वाले थे। अन्य कुछ लोगों के भी बीमार होने की सूचना है। जानकारी के मुताबिक मशरक और सीमावर्ती इसुआपुर के दोइला गांव में मंगलवार रात आधा दर्जन से ज्यादा लोगों की तबीयत खराब हो गई। इनमें से सात लोगों ने एक-एक कर दम तोड़ दिया। अमनौर के हुस्सेपुर में भी 4 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा मढौरा के लाला टोला में एक शख्स के मरने की सूचना है। इन सभी की जहरीली शराब के चलते मौत होने की बात कही जा रही है। अब तक कुल 12 लोगों की जान जा चुकी है। हालांकि, प्रशासन की ओर से इस बात की पुष्टि नहीं की गई है। पिछले हफ्ते ही वैशाली जिले केमहनार में भी तीन लोगों की मौत हो गई थी। उनकी भी जहरीली शराब से मौत की आशंका जताई गई।

## राहुल की यात्रा का टेंट जलाने की कोशिश

# दौसा शहर में राहुल गो बैक के नारे लिखे मिले



सवाई माधोपुर, एजेंसी। राजस्थान में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बीच कुछ लोगों ने यात्रा से जुड़े एक टेंट में आग लगाने की कोशिश की। सवाई माधोपुर में सोमवार देर रात 10 से 15 लोगों ने आकर टेंट में गोवंश छोड़े। वे आग लगाने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस ने पीछा कर 4 लोगों को पकड़ लिया। वहीं, यात्रा के दौसा शहर पहुंचने से पहले यहां राहुल गांधी च्गो बैकज्के नारे लिखे मिले। आज यात्रा सवाई माधोपुर के भाडोति से शुरू हुई और दौसा जिले के लालसोट तक रहेगी। इस दौरान राहुल गांधी किसानों से उनकी समस्याओं पर बातचीत करेंगे। वहीं, लंच ब्रेक में स्थानीय समस्याओं को लेकर अलग-अलग संगठनों से चर्चा करेंगे। राहुल गांधी की यात्रा दौसा जिले में 5 दिन तक रहेगी। वे रात में एक नुक्कड़ सभा को भी संबोधित कर सकते हैं। 16 दिसंबर को यात्रा के 100 दिन पूरे हो रहे हैं।

## ट्रैक्टर पलटने से 2 बच्चों समेत 5 की मौत



### मप्र के मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली महाराष्ट्र में पलटी

**सेंधवा, एजेंसी।** महाराष्ट्र में मध्यप्रदेश के मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 5 की मौत हो गई। इनमें दो बच्चे हैं। मारे गए लोग सेंधवा के कोलकी मांग (जिला बड़वानी) के हैं। मृतकों में दो महिलाएं और एक युवती भी शामिल है। महाराष्ट्र के पंढरपुर तहसील में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से यह हादसा हुआ है। हादसा मंगलवार रात करीब 11.30 बजे का बताया जा रहा है ।कोलकी गांव के सरपंच प्रतिनिधि अटल बिहारी ने बताया कि गांव से करीब 50 से 60 मजदूर महाराष्ट्र के पंढरपुर और कर्नाटक गन्ना कटाई के लिए गए हैं। देर रात को वहां से सूचना मिली कि पंढरपुर तहसील के करकम गांव के पास गन्ना कटाई कर अपने रहने के स्थान लौट रहे मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में दो महिलाएं, एक युवती और दो बच्चों की मौत हो गई है ।हादसे में दो महिलाएं, एक युवती और दो बच्चों की मौत हो गई है।



## CBI अफसर बनकर लूट 30 लाख और जेवर

### कोलकाता में पुलिस स्टिकर लगी गाड़ियों से बिजनेसमैन के घर पहुंचे 7-8 लोग, कहा- रेड है

**कोलकाता ईएमएस।** कोलकाता में फिल्म स्पेशल 26 की तर्ज पर कुछ लोगों ने नकली CBI अफसर बनकर एक बिजनेसमैन के घर से 30 लाख रुपए कैश और ज्वेलरी लूट ली। घटना भवानीपुर इलाके की है। बिजनेसमैन सुरेश वाधवा (60 साल) ने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई, तब मामले का खुलासा हुआ ।वाधवा ने बताया कि सोमवार सुबह 8 बजे 7-8 लोग CBI अफसर बनकर उनके घर पहुंचे और कहा कि वे रेड डालने आए हैं। ये लोग पुलिस स्टिकर लगीं तीन गाड़ियों में आए थे। जब सुरेश ने घर का दरवाजा खोला तो ये लोग खुद को CBI अफसर बताकर घर में घुस गए। वाधवा ने उनसे ढ्ढष्ठ कार्ड दिखाने को कहा, लेकिन किसी ने भी उनकी बात का जवाब नहीं दिया। वाधवा के मुताबिक, नकली CBI अफसर 30 लाख रुपए कैश और लाखों की ज्वेलरी लेकर चले गए। इन लोगों ने जब्त किए सामान की लिस्ट भी बनाई, लेकिन विक्टिम से कहा कि ये लिस्ट उन्हें बाद में भेजी जाएगी। उन्होंने विक्टिम से ये भी कहा कि उन्हें बयान देने के लिए दफ्तर बुलाया जाएगा।


## सीमा विवाद पर भारत को मिला अमेरिका का साथ

# व्हाइट हाउस ने चीन को घेरा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और चीन की बॉर्डर पर अरुणाचल प्रदेश के तवांग पर अब शांति है। हालांकि दोनों तरफ की सेनाएं अपने-अपने क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर रही हैं। ताजा खबर यह है कि भारत-चीन तनाव पर अब अमेरिका ने भी प्रतिक्रिया दी है। व्हाइट हाउस ने इस बात खुशी जताई कि दोनों देश तत्काल ही पीछे हट गए। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव काराइन जीन-पियरे ने कहा, च्हम दोनों देशों को इस बात के लिए प्रोत्साहित करते हैं कि वे सीमा विवाद सुलझाने के लिए बातचीत का रास्ता अपनाएं।' वहीं पेंटागन के प्रेस सचिव पैट राइडर ने कहा कि चीन उकसान की कार्रवाई करता है और व्हाइट हाउस पूरी तरह से भारत के साथ है। वहीं, अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में एलएसी पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़प के बाद सेना के एडजुटेंट जनरल लेफ्टिनेंट जनरल सीबी पोनप्पा ने मंगलवार को कहा कि सब कुछ ठीक है और नियंत्रण में है। हम सब सुरक्षित हैं। वे ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले भारतीय सेना के जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। लेफ्टिनेंट जनरल पोनप्पा ने छात्रों से कहा, च्सेना प्रमुख की ओर से आप सभी के साथ जुड़ना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

## वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध न मानने वाले कानून की वैधता की होगी जांच : सुको



**नई दिल्ली, ईएमएस।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वह वैवाहिक दुष्कर्म के मुद्दे पर दायर याचिकाओं पर जनवरी के दूसरे हफ्ते से सुनवाई शुरू करेगा। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि वह वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध न मानने वाली आईपीसी की धारा 375 की संवैधानिक वैधता को परखेगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह निर्देश कोर्ट में एक ताजा रिट पिटीशन दायर होने के बाद जारी किए। वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने बेंच को बताया कि इस मामले में अलग-अलग याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट की ही अलग-अलग बेंच के पास लंबित हैं और इन्हें किसी एक बेंच द्वारा सुना जाना चाहिए। गौरतलब है कि दिल्ली हाईकोर्ट में वैवाहिक दुष्कर्म को लेकर दो जजों की बेंच ने विभाजित फैसला दिया था। इसे लेकर भी सुप्रीम कोर्ट के सामने एक याचिका दायर है। इसके अलावा कर्नाटक हाईकोर्ट ने एक मामले में पत्नी के साथ रेप के दोषी व्यक्ति को सजा सुनाई थी। इस फैसले के खिलाफ भी सर्वोच्च न्यायालय में कुछ याचिकाएं लंबित हैं। जहां दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर एडवोकेट करुणा नंदी पक्ष रख रही हैं, वहीं कर्नाटक हाईकोर्ट वाले फैसले पर इंदिरा जयसिंह वकील हैं। इसके बाद ही बेंच ने मामले पर जनवरी के दूसरे हफ्ते में सुनवाई का आदेश दिया।


### जनवरी के दूसरे हफ्ते में सुनवाई




# बिना ओटीपी बताए ही खाते से निकाले 50 लाख



**नई दिल्ली,एजेंसी।** साइबर क्राइम ऑफिसर हमेशा इस बात की ताकीद करते हैं कि कभी किसी के साथ आप अपना ओटीपी शेयर न करें, वरना साइबर क्रिमिनल आपके अकाउंट को खाली कर सकते हैं, लेकिन टेक्नोलॉजी विकास के साथ ही साइबर ठग भी साइबर फ्रॉड के नए-नए तरीके इजाद कर लोगों को ठग रहे हैं. ताजा मामला दिल्ली के कापासेड़ा इलाके का है, जहां बिना ओटीपी शेयर किए ही पीड़ति के मोबाइल के अकाउंट से 50 लाख से ज्यादा की रकम निकाल ली गई। दिल्ली के कापसहेड़ा में सिक्योरिटी एजेंसी चलाने वाले एक शख्स के साथ जालसजी का अनोखा मामला उस समय सामने आया, जब उसके अकाउंट से 50 लाख 63 हजार रुपए निकाल लिए गए, वो भी तब जब उसने किसी से ओटीपी तक साझा नहीं की. दरअसल, मामला 13 नवंबर का है. पीड़ित अपने घर पर था. उसी समय उसके फोन पर अनजान नंबर से कॉल आता है. पीड़ित फोन उठाता है, लेकिन दूसरी तरफ से कोई आवाज नहीं आती. ।इसके बाद अलग-अलग नंबर से कई बार फोन आता है, जिसमें कुछ मिस्ड कॉल में बदल जाती हैं. 2-3 बार वह फोन उठाता भी है, लेकिन दूसरी तरफ से कोई आवाज नहीं आती. पीड़ित का कहना है कि 13 नवंबर की शाम करीब सात बजे से साढ़े आठ बजे के बीच ये फोन कॉल आते हैं. ये सिलसिला करीब एक घंटे तक चलता है, लेकिन उसके बाद जब वह अपने फोन पर आए मैसेज को देखता है तो उसके होश उड़ जाते हैं. उसके अकाउंट से करीब 50 लाख 63 हजार गायब हो चुके थे।



## दिल्ली में 12वीं छात्रा पर एसिड अटैक, बाइक सवार आरोपी फरार

**नई दिल्ली, ईएमएस।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 12वीं की छात्रा पर एसिड अटैक का मामला सामने आया है। घटनाक्रम सुबह करीब 7.30 बजे का है। पुलिस को सुबह 9 बजे सूचना मिली कि बाइक सवार दो लड़के ने सड़क किनारे जा रही छात्रा पर एसिड फेंक दिया। लड़की को सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया है। दिल्ली पुलिस के आला अधिकारी अस्पताल पहुंच गए हैं। छात्रा का बयान दर्ज करने की कोशिश जा रही है। छात्रा खतरे से बाहर बताई जा रही है। एक आरोपित को पकड़ लिया गया है। दूसरा फरार है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। घटना के समय वहां मौजूद लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

# मुश्किल में टीम इंडिया, 4 विकेट गंवाए

### भारत-बांग्लादेश पहला टेस्ट



**चट्टोग्राम, एजेंसी।** भारत-बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला चट्टोग्राम में खेला जा रहा है। भारत ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया है।

इस समय पहले दिन के दूसरे सेशन का खेल जारी है और भारत ने 4 विकेट पर 134 रन बना लिए हैं। अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा और श्रेयस अय्यर क्रीज पर हैं। ऋषभ पंत 45 रन बनाकर चौथे विकेट के रूप में आउट हुए। उनसे पहले शुभमन गिल (20 रन), कप्तान केएल राहुल (22 रन) और विराट कोहली (1 रन) ने अपने विकेट गंवाए।ऋषभ पंत और चेतेश्वर पुजारा ने चौथे विकेट के लिए 64 रनों की साझेदारी की। 48 पर तीन विकेट गंवाने के बाद दोनों ने भारतीय पारी को संभालने की कोशिश की। पहले सेशन के खेल में मेजबान टीम का दबदबा रहा। लंच तक भारत ने 26 ओवर में 85 रन बनाने में तीन विकेट गंवा दिए थे। टीम के टॉप-3 बल्लेबाज आउट होकर पवेलियन लौट गए थे।पारी की शुरुआत करने आए कप्तान केएल राहुल 22, शुभमन गिल 20 और विराट कोहली 1 रन बनाकर आउट हुए। इस सेशन में बांग्लादेश की ओर से तैजुल इस्लाम ने 2 विकेट चटकाए। जबकि खालिद अहमद को एक विकेट मिला।

# बादल झंटते ही जाड़ा मारेगा जोर



**जबलपुर, यशभारत।** पश्चिमी विक्षोभ की वजह से मौसम का मिजाज फिलहाल गर्म सा है पर बादल झंटते ही ठंड जोर मारेगी। मौसम विभाग के अनुसार अभी दो दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। जबलपुर सहित संभाग के आस-पास के जिलों में बूंदाबांदी भी हो सकती है। 15 दिसंबर को बादल हटते ही तापमान में गिरावट आने आने की संभावना है। इसी के साथ ठंड का असर बढ़जाएगा। जबलपुर सहित आस-पास के जिलों में बादल छाए रहे। सूरज-बादलों के बीच लुकाछिपी का खेल दिन चल रहा है। वातावरण में ठंड का अहसास दिन में कम रहा पर रात होते ही तीन से चार किमी की गति से चली उत्तरी-पूर्वी हवाओं से वातावरण में ठंडक घुलने लगी।चक्रवाती तूफान मैंडूस और जम्मू-कश्मीर के ऊपर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम बदल गया है। मंगलवार को बादल छाए रहे। उत्तरी पूर्वी हवा से दिन का अधिकतम तापमान एक डिग्री कम हो गया, लेकिन न्यूनतम तापमान एक डिग्री और बढ़ गया। मौसम विभाग के अनुसार हवाओं में नमी घुलने से न्यूनतम तापमान सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है। हालांकि, हवाओं का रुख एक बार फिर उत्तरी हो रहा है जिससे तापमान में आंशिक गिरावट आ सकती है। मौसमी बदलाव से मंगलवार को अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री से करीब और न्यूनतम तापमान 18.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बुधवार को सुबह का 14 डिसे था जो समाचार लिखे जाने तक 19 डिसे पर पहुंच गया था।



## ललपुर संयंत्र का होगा रखरखाव, आधे शहर को आज शाम नहीं मिलेगा पानी

**जबलपुर, यशभारत।** ललपुर जलशोधन संयंत्र के रखरखाव के कारण शहर की 20 टंकियां नहीं भरी जा सकेंगी, जिससे आज शाम की जलापूर्ति ठप रहेगी। नगर निगम के अधीक्षण यंत्री जल कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि ललपुर जल प्रदाय योजनांतर्गत 42 और 55 एमएलडी जल शोधन संयंत्र अंतर्गत फिल्टर प्लांट में अतिआवश्यक संधारण का कार्य बुधवार को किया जाना है। जिसके चलते उक्त संयंत्र से भरी जाने वाली टंकियां हाथीताल, भंवरताल, श्रीनाथ की तलैया, टाउन हाल, बादशाह मंदिर, गुप्तेश्वर, पीएसएम, फूटाताल, नयागांव, ग्वारीघाट, भीमनगर, शारदा नगर, एसबीआई कालोनी, चांदमारी तलैया, सिविल लाईन, दंगल मैदान, सिद्ध बाबा, मदार छल्ला, भोला नगर, करिया पाथर, कटंगा एवं कुली हिल टैंक नहीं भरा जा सकेगा। जिसके कारण शाम को की जाने वाली जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। क्षेत्रीय नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने खेद जताया है। महापौर ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति कराई जाएगी।

# शहर में चौतरफा हो रहे हैं विकास के कार्य : महापौर

### पूर्व विधानसभा क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन , विधायक लखन घनघोरिया के प्रयास रंग लाए



**जबलपुर, यशभारत।** नगर निगम द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अद्योसंरचना एवं विकास के कार्य लगातार कराये जा रहे हैं। इसी क ?ी में आज पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया के प्रयासों से 42 लाख 9 हजार रूपये के विकास कार्य का शुभारंभ डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड में किया गया। निर्माण कार्य का शुभारंभ महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने विधायक लखन घनघोरिया के साथ भूमिपूजन कर किया। विकास कार्यो के संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने बताया कि संभाग क्रमांक 14 गोहलपुर के अंतर्गत 42 लाख 9 हजार रूपये की लागत से सड़क चौड़ीकरण एवं डामलीकरण के कार्य का शुभारंभ कराया गया। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' और पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया, एम.आई.सी. सदस्य एवं लोकनिर्माण विभाग के प्रभारी मनीष पटैल, एम.आई.सी. सदस्य गुलाम हुसैन, गुड्डू नवी, एवं वार्ड पार्षद श्रीमती मुकीमा याकूब अंसारी तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने सड़क चौड़ीकरण एवं डामलीकरण के निर्माण कार्य का भूमिपूजन कराकर कार्य प्रारंभ कराया।भूमिपूजन के अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं विधायक लखन घनघोरिया ने बताया कि पूर्व विधानसभा क्षेत्र के सम्माननीय नागरिकों की मांग पर सड़क चौड़ीकरण एवं डामलीकरण के निर्माण कार्य को भूमिपूजन के उपरांत प्रारंभ कराया गया है। विधायक श्री घनघोरिया ने बताया कि संभाग क्रमांक 14 गोहलपुर से पुराने पुल तक सड़क चौड़ीकरण एवं डामलीकरण कार्य लागत 42 लाख 9 हजार रूपये, लम्बाई 500 मीटर बनाई जायेगी। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही उच्चगुणवत्ता के साथ सड़क चौड़ीकरण एवं डामलीकरण के निर्माण कार्य को पूर्ण कराकर नागरिकों को उपयोग के लिए समर्पित की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस सड़क निर्माण से जाकिर हुसैन वार्ड के नागरिकों के साथ-साथ आस-पास के वार्डो में रहने वाले नागरिकों को भी इस सुगम मार्ग का लाभ मिलेगा। भूमिपूजन के समय पूर्व पार्षद इश्तयाक अंसारी, रसूल गैलरी, उपयंत्री श्रयांशी श्रीवास्तव, एवं सम्पत कुशवाहा आदि भी उपस्थित रहे।

## श्रीमती अनामिका सिंह ठाकुर को पी-एच.डी की उपाधि



**जबलपुर, यशभारत।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा श्रीमती अनामिका सिंह ठाकुर को पी-एच.डी की उपाधि प्रदान की गई इनका शोध का विषय ''मध्य प्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम लिमिटेड के द्वारा संचालित योजना का विश्लेषणात्मक अध्ययन (जबलपुर जिले के विशेष संदर्भ में)'' रहा। यह शोध कार्य डॉ. नूपुर निखिल देशकर प्राध्यापक शासकीय मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय जबलपुर के निर्देशन में एवं श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, डॉ.शक्ति सिंह मण्डलोई, डॉ.आनंद सिंह राणा के साथ डॉ. नरेन्द्र शुक्ल एवं डॉ. अतुल दुबे के सहयोग से पूर्ण किया। आप श्री राजेंद्र सिंह ठाकुर( शिक्षक ) एवं श्रीमती विमला सिंह ठाकुर की सुपुत्री एवं श्री नेक नारायण पटेल, शकुंतला पटेल की बहू और डॉ.शरद पटेल की धर्मपत्नी है। आप श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत है ।

## साईं मंदिर में आयोजनों की धूम



**जबलपुर यशभारत।** शिरडी धाम बड़े साई मंदिर जयप्रकाश नगर अधारताल स्थापना दिवस समारोह में विविध आयोजन हो रहे हैं। सदगुरु श्री साईनाथ महाराज की असीम अनुकंपा एवं अनुग्रह से जबलपुर शिरडी धाम जय प्रकाश नगर अधारताल में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है प्रथम दिवस अभिषेक एवं ध्वजा पूजन एवं महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन दूसरे दिन अखंड रामायण का पाठ तथा तारीख को 15 दिसंबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है अध्यक्ष डॉ यूके वैश्य उपाध्यक्ष डॉ निखिल श्रीवास्तव एवं जलपुर शिरडी धाम क्षेत्रीय विकास समिति एवं समस्त सदस्यगण ने इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

### कर्मचारी जगत

# दिव्यांग को सजा अधिकारी की मजा



**जबलपुर, यशभारत।** लोकायुक्त का आरोपी दिव्यांग शिक्षक को कर रहा प्रताड़ित सीधे मध्यप्रदेश शासन द्वारा शासकीय पूर्व प्राथमिक प्रशिक्षण संस्थान में स्थांतरित दिव्यांग शिक्षक सुनील कुमार जैन को संस्थान में ज्वाइन कराकर 11 दिन तक काम लेने के बाद बिना किसी शासनादेश के कार्यमुक्त करने तथा इसका विरोध करने पर अभद्रता की एक झूठी रिपोर्ट प्रस्तुत कर आयुक्त लोक शिक्षण मध्यप्रदेश भोपाल से निलंबित करा देने वाले लोकायुक्त में भ्रष्टाचार के आरोपी पूर्व संयुक्त संचालक वर्तमान में मांटेसरी के प्राचार्य डॉ. राम मोहन तिवारी का कर्मचारी संगठन म.प्र. कर्मचारी / अधिकारी संयुक्त मोर्चा एवं म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में पुतला दहन किया गया । संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय संरक्षक पंडित योगेंद्र दुबे ने कहा की लोकायुक्त के आरोपी प्राचार्य को तत्काल पद से हटाकर इनके भ्रष्टाचार और कर्मचारी विरोधी कृत्यों की न्यायिक जांच करवाकर सेवा से बर्खास्त किया जाए । अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने कहा की दिव्यांग शिक्षक को प्रताड़ित करने वाले प्राचार्य पर निशक्तजन अधिनियम 2016 के प्रावधानों के तहत एफ आई आर दर्ज करवाई जाए अन्यथा कर्मचारी संगठन उग्र आंदोलन छेड़ेंगे। इस अवसर पर योगेंद्र दुबे, अरवेंद्र राजपूत, अटल उपाध्याय, विश्वजीत पटेरिया, मनोज राय, आलोक अग्निहोत्री, यूएस करोसिया, गोविंद बिल्थरे, रजनीश तिवारी एस. के. बांदिल, मुकेश मरकाम, अर्जुन सोमवंशी, जगन्नाथ साकेत, उमा ठाकुर, बृजेश तिवारी, संतोष गौतम, सुनील जैन, मोहन तिवारी, योगेश यादव, राजेश विनोदिया, बृजेश मिश्रा तथा शैलेंद्र दुबे आदि उपस्थित थे।

## विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं 20 से

**जबलपुर, यशभारत।** नेहरू युवा केंद्र, जबलपुर द्वारा आगामी 19 एवं 20 दिसंबर 2022 को रानीताल स्पोर्ट्स कंपलेक्स के ग्राउंड में विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता अंतर्गत जबलपुर विकासखंड हेतु पुरुष कबड्डी, महिला कबड्डी, एथलेटिक्स अंतर्गत 100 मीटर दौड़ पुरुष, रस्साकशी महिला वर्ग हेतु प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें इच्छुक टीमें शीघ्र से शीघ्र अपनी सहभागिता एंट्री सानू यादव, सचिव जबलपुर कारपोरेशन एसोसिएशन रानीताल, जबलपुर एवं राजेंद्र यादव खेल प्रशिक्षक से संपर्क कर प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते है यह आयोजन जबलपुर कारपोरेशन कबड्डी एसोसिएशन जबलपुर एवं महारानी लक्ष्मीबाई महिला मंडल के सहयोग से संपन्न हो रहा है उक्त जानकारी नेहरू युवा केंद्र, जबलपुर के कार्यक्रम सहायक अतुल पांडे ने दी ।

## बच्चों को स्वेटर मिलते ही खिल उठे उनके चेहरे




### अब स्वेटर पहनकर स्कूल जा सकेंगे बच्चे, हम हैं न फाउण्डेशन बांटी स्वेटर

**जबलपुर, यशभारत।** हम हैं न फाउण्डेशन के द्वारा निरंतर देश व समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आकर कार्य करते हुए पीड़ित मानवता की सेवा की जा रही है, जिसके तहत हर वर्ग को मदद भी पहुंचाई जा रही है। इसी क्रम में हम हैं न फाउण्डेशन परिवार की सहयोगी व वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ मंजुलता अग्रवाल के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला पड़वार कला सूरतलाई में अध्ययन करने वाले दर्जनों बच्चों को ठण्ड से बचाने के लिए स्वेटर वितरित की गई, ताकि यह बच्चें स्कूल में अध्ययन करने के लिए ठण्ड से स्वयं को बचाते हुए स्वेटर पहनकर आएं।इस संबंध में हम हैं न फाउण्डेशन की वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ मंजुलता अग्रवाल ने बताया कि उन्हें ज्ञात हुआ कि शासकीय प्राथमिक शाला पड़वार कला में अध्ययन करने वाले बच्चें बिना स्वेटर के ही ठण्ड में स्कूल जाने को मजबूर है, जिनके परिजन निर्धन होने के कारण उनके लिए स्वेटर नहीं खरीद पा रहे हैं, जिसके बाद उन्होंने जानकारी मिलते ही तत्काल में इन बच्चों को स्कूल में पहुंचकर स्वेटर का वितरण किया। इस दौरान हम हैं न फाउण्डेशन के आशीष विश्वकर्मा, शरद विश्वकर्मा, शिक्षक संजय चौबे, रत्नेश राय, प्रशस्त्र आयुष विश्वकर्मा, नीतेश बर्मन, डॉ सुमित पासी, हर्षित शुक्ला, स्कूल की शिक्षका नीलम प्यासी आदि मौजूद रहीं।

## कर्मचारियो के स्थायीकरण के आदेश प्रतिवर्ष जारी किये जाए - मांग

**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने मांग की है कि कर्मचारियों के स्थायीकरण के आदेश प्रतिवर्ष जारी किये जाए । संघ के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मॉर्टिन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार विभिन्न विभागों मे कार्यरत कर्मचारी के कई वर्षो से स्थाईकरण के आदेश जारी नहीं किये जा रहे हैं, जिन्हें प्रतिवर्ष जारी किया जाना चाहिए.। संघ के हेमंत ठाकरे, राकेश श्रीवास, रॉबर्ट फ्रांसिस, स्टेनली नार्बाट, राजकुमार यादव, विनय राम जे, प्रदीप पटेल, संतोष चौरसिया, सुधीर पॉवेल, क्रस्टोफर नरोन्हा, गुडविन चार्ल्स, योगेश ठाकरे वीरेंद्र श्रीवास, ने मुख्यमंत्री से प्रतिवर्ष कर्मचारियो के स्थाईकरण के आदेश जारी कराये जाने हेतु मांग की है।

## जिला सहकारी बैंकों के कर्मचारियों को पदोन्नति -क्रमोन्नति शीघ्र दी जावे

**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन ने मांग की है कि जिला सहकारी बैंकों के कर्मचारियों को पदोन्नति -क्रमोन्नति शीघ्र दी जावे। संघ के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर ने एक जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जिले के सहकारी बैंको के कर्मचारियों की व्यथा अत्यंत दुखदायी है सदा ज्ञापन /प्रदर्शन /हो -हल्ला से दूर ये अनुशासित कर्त्तव्यनिष्ठ कर्मचारी सरकार से आशा लगाए बैठे हैं कि उन्हें सरकार आज नहीं तो कल इनके प्रति सकारात्मक रुख अपनाते हुए इन्हें क्रमोन्नति एवं पदोन्नति की सौगात तो देर सबेर दे ही देगी। पर अब सहकारी बैंक के सभी कर्मचारी लामबंद हो रहे हैंऔर उन सभी की पहली प्राथमिकता है कि उन्हें सर्वप्रथम वर्षो से अटकी पदोन्नति क्रमोन्नति प्रदान की जाये। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन पवन सोयाम, रामदयाल उइके, अमर सिंह,आकाश भील,रामकिशोर इपाचे, अजय श्रीपाल,दशरथ मरावी, राजेंद्र प्रधान,मदन पान्द्रो, सुरेंद्र परसते,देवसिंह भवेदी,अनिल जैन,ब्रजवती आर्मो,निशिकांत आदि ने वरिष्ठ कार्यालय एवं सक्षम अधिकारी से शीघ्र अतिशीघ्र क्रमोन्नति एवं पदोन्नति प्रदान करने की मांग की है।

## मध्य प्रदेश विद्युत मंडल एवं उसकी उतरवर्ती कंपनियों के पेंशनरों को देय महंगाई राहत में भेदभाव

**जबलपुर,यशभारत।** आज जब हम देश की आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं और देश के वरिष्ठ जनों के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं लागू की जा रही हैं वहीं मध्य प्रदेश जैसे शांति प्रिय लेकिन संवेदन शील प्रदेश के विद्युत विभाग (विद्युत मंडल एवं उसकी उतरवर्ती कंपनियों) के पेंशनरों को महंगाई राहत दिए जाने में भेदभाव किया जा रहा है जिससे न सिर्फ विद्युत विभाग के पेंशनरों बल्कि फैमिली पेंशन पाने वाले परिवार अत्यंत दुखी हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रदेश के ऊर्जा विभाग एवम् विद्युत कंपनियों द्वारा मुख्य मंत्री को गुमराह किया जा रहा है एवं वर्तमान में 11त्न कम महंगाई राहत प्रदान की जा रही है। तत्संबंध में लेख है कि, पेंशनरों के पक्ष में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अनेक प्रकरणों में समय-समय पर स्पष्ट आदेश पारित किए हैं जिनकी भी स्पष्ट अनदेखी की जा रही है तथाविद्युत विभाग के पेंशनरों के प्रकरण में तो सारी सीमाएं पार कर दी गई हैं। ज्ञातव्य है कि, विद्युत मंडल के पेंशनरों को मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा पारित आदेश के तहत ऊर्जा देयकों के माध्यम से प्रदेश के सम्मानीय उपभोक्तों से पेंशन के मद में दी जाने वाली पूर्ण राशि एक मुश्त पूर्व में ही वसूल कर ली गई है पर उसका भुगतान पेंशनरों को नही कर घोर अनियमितता की जा रही है। विद्युत विभाग (विद्युत मंडल और उसकी उत्तरवर्ती कंपनियों) के पेंशनरों को शेष 11प्रतिशत महंगाई राहत पूर्व निर्धारित तारीख से प्रदान किए जाने की मांग की जाती है।

## अंतरक्षेत्रीय विद्युत महिला खेल प्रतियोगिता शुरू

### टेनिक्काइट का खिताब इंदौर ने जीता



**जबलपुर, यशभारत।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 44 वीं अंतरक्षेत्रीय विद्युत महिला खेल प्रतियोगिता यहां प्रारंभ हो गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने रामपुर परिसर स्थित ज्योति क्लब में किया। प्रतियोगिता में मेजबान केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर, जबलपुर क्षेत्र, इंदौर क्षेत्र, भोपाल क्षेत्र, ग्वालियर क्षेत्र व श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की आधा सैकड़ा से अधिक महिला खिलाड़ी भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम व टेनिक्काइट स्पर्धाएं लीग कम नाक आउट आधार पर खेली जा रही हैं। दो दिवसीय प्रतियोगिता के प्रथम दिवस पर टेनीक्काईट स्पर्धा का खिताब इंदौर क्षेत्र ने जीत लिया। टेनिक्काइट के फाइनल में इंदौर की वैभवी माने व रिंकी शर्मा की जोड़ी ने श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की जोड़ी एडलिन टोप्पो व अमृता तिवारी को पराजित किया। केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर की नीता पटेल व अंजली देशमुख की जोड़ी इस स्पर्धा में तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में टेबल टेनिस व कैरम में इंदौर और शतरंज में ग्वालियर का दबदबा रहा। टेबल टेनिस स्पर्धा के फाइनल में इंदौर की मीनू आशा चौधरी व भोपाल की संगीत रजक पहुंच गईं। इस स्पर्धा में भोपाल की रूपा चौधरी तृतीय स्थान पर रहीं। टेबल टेनिस के युगल मुकाबले का फाइनल भोपाल ने इंदौर को पराजित कर जीता। केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर की टीम तृतीय स्थान पर रहीं। शतरंज की स्पर्धा में ग्वालियर क्षेत्र चार अंकों के साथ बढ़त पर है। केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर व इंदौर की की टीम साढ़े तीन-साढ़े तीन अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर चल रही हैं। इसके बाद श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा की टीम तीन अंकों और भोपाल दो अंक के साथ है। कैरम के एकल फाइनल में इंदौर की दो खिलाड़ी माधुरी व प्रियंका ने प्रवेश किया। वहीं युगल में इंदौर की माधवी व प्रियंका मुकाबला ग्वालियर की रेणुका शर्मा व सोनिया जैन से होगा।

### प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा मामले में हाई कोर्ट ने कहा

# खेल शुरू होने के बाद बीच में नहीं बदल सकते नियम

**जबलपुर यशभारत।** हाई कोर्ट ने अपने एक आदेश में साफ किया कि एक बार खेल शुरू होने के बाद बीच में नियम नहीं बदल सकते। इसी के साथ प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के 21 वर्ष से कम आयु के आवेदक याचिकाकर्ताओं को काउंसलिंग में शामिल करने के निर्देश दे दिए गए।मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ता ऋषिकेश बिसेन व ऋतु कोल की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व अंजनी कुमार कोरी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि पूर्व में निर्धारित नियमों को बीच में बदल दिया गया। इसके अंतर्गत प्राथमिक शिक्षक संवर्ग पात्रता परीक्षा-2020 में पात्र अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु का निर्धारण एक जनवरी, 2022 को 21 वर्ष कर दिया गया। इससे याचिकाकर्ताओं सहित अन्य अभ्यर्थी काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित हो गए। इसीलिए आयुक्त लोक शिक्षण द्वारा जारी आदेश की वैधानिकता को चुनौती दी गई।दरअसल, व्यापमं ने 2020 में जारी विज्ञापन में अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु एक जनवरी, 2021 को 18 वर्ष निर्धारित की गई थी। व्यापमं ने 17 मार्च, 2022 को परीक्षा आयोजित की और अक्टूबर, 2022 में परिणाम घोषित किए। लेकिन बीच में एक नया नियम लागू कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांतों के अनुसार एक बार कोई खेल शुरू होने के बाद इस तरह बीच में नियम नहीं बदल सकते। हाई कोर्ट ने इस नियम से सहमत होकर पक्ष में आदेश पारित कर दिया।



## हाई कोर्ट ने फ्लाईओवर मामले में पूर्व में लगाई रोक हटाई राज्य शासन को 10 करोड़ रुपये जमा करने के निर्देश

**जबलपुर यशभारत।** हाई कोर्ट ने फ्लाईओवर के लिए मदन महल व राइट टाउन क्षेत्र में जमीन अधिग्रहण के दायरे में आने वाले निर्माणों को हटाने पर पूर्व में लगाई रोक हटा ली है। साथ ही निर्देश दिया है कि राज्य सरकार पहले नपाई का काम पूरा करे। उसके बाद फ्लाईओवर व सड़क निर्माण का काम शुरू करे। इसके साथ ही हाई कोर्ट ने साफ कहा कि नपाई का काम पूरा होने से पहले किसी भी याचिकाकर्ताओं का निर्माण न तोड़ें। इसी कड़ी में हाई कोर्ट ने राज्य शासन को निर्देश दिया है कि एक सप्ताह के भीतर हाई कोर्ट रजिस्ट्री विभाग के पास 10 करोड़ रुपये की राशि जमा करें। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में साफ कर दिया है कि सभी याचिकाकर्ता नापजोख की कार्रवाई का वीडियो बनाने के लिए अधिकृत हैं। नापजोख की रिपोर्ट जनवरी के पहले सप्ताह में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ के समक्ष इस मामले की सुनवाई हुई। राज्य शासन की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि सरकार तोड़े गए निर्माण के बदले मुआवजा देने तैयार है, लेकिन यह बड़ा विवाद है कि याचिकाकर्ता उक्त जमीन के मालिक हैं या लीजधारक हैं और क्या वे मुआवजा पाने के हकदार हैं। उन्होंने कहा कि कोर्ट के स्थगन के कारण एक बड़े प्रोजेक्ट का काम रुक गया है। उन्होंने कहा कि सरकार 10 करोड़ की राशि जमा करने तैयार है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में आधा सैक ?ा से अधिक लोगों की ओर से अलग-अलग याचिकाएं हाई कोर्ट में दायर की गई हैं। हाईकोर्ट के पूर्व न्यायमूर्ति एसएस झा, पीपी नावलेकर व अन्य याचिकाकर्ताओं में शामिल हैं, जिन्होंने याचिकाएं दायर कर उचित मुआवजे की मांग की है। अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने दलील दी कि राइट टाउन क्षेत्र में नगर निगम ने कुछ लोगों को नोटिस जारी किए थे और मुआवजे के लिए दस्तावेज पेश करने कहा था। बाद में नगर निगम ने यह कहते हुए मुआवजा देने से इन्कार कर दिया कि ये अतिक्रमण हैं। दूसरी ओर मदन महल में लीजधारकों को भी मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। नगर निगम का तर्क है कि इन्हें मुआवजा नहीं दिया जा सकता। इस मामले में मुआवजे का निर्धारण करने के लिए हाई कोर्ट ने रिटायर्ड हाईकोर्ट जज को आरब्रिट्रेटर नियुक्त किया था। आरब्रिट्रेटर की रिपोर्ट में मदनमहल क्षेत्र की जमीन का 100 प्रतिशत व अन्य क्षेत्रों का 80 प्रतिशत मुआवजा अनुमोदित किया गया था।

### एमपी स्टूडेंट यूनियन के विरोध प्रदर्शन का असर

# कुलपति समेत सभी अधिकारी मंत्रालय तलब

### पड़ सकता है विधानसभा चुनाव में असर, पूरा विश्वविद्यालय सूना




**जबलपुर, यशभारत।** विगत दिवस एमपीस्टूडेंट संगठन तले हज़ारों आयुर्वेद नर्सिंग पैरमेडिकल छात्रों के द्वारा प्रवेश परीक्षा परिणाम में की जा रही अनिमित्ताओं, भ्रष्टाचार परीक्षा संबद्धता नामांकन परिणाम में गड़बड़ी को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद सरकार हरकत में आ गई है और सप्ताह भर के भीतर मेडिकल विश्वविद्यालय के मुखिया समेत सभी अधिकारियों को तत्काल भोपाल तलब किया गया है जिसको लेकर मेडिकल कालेज से लेकर विश्वविद्यालय में तरह-तरह की चर्चाओं का बाज़ार गर्म है। वहीं एमपी स्टूडेंट संगठन के अध्यक्ष अभिषेक पांडेय का कहना है कि यदि इसके बाद भी विश्वविद्यालय की व्यवस्था नहीं सुधरती , छात्र हित के कार्य नहीं होते ,समय पर प्रवेश परीक्षा परिणाम का कार्य भी नहीं होता, विश्वविद्यालय के भ्रष्टाचार ओर अयोग्य अधिकारियों को बर्खास्त नहीं किया जाता तो आंदोलन ओर उग्र होगा जिसकी गूँज भोपाल से होते हुए दिल्ली तक जाएगी।

# कलेक्टर ने कुर्सी में बैठाकर सुनी हर एक नागरिक से उसकी समस्या

### अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण करने के निर्देश

**जबलपुर यशभारत।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने जनसुनवाई के दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये 173 नागरिकों की समस्याओं को सुना। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना, सुश्री विमलेश सिंह सहित सभी अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने जनसुनवाई में आये सभी नागरिकों से उनकी समस्या को सुना और सबंधित अधिकारियों को उनके आवेदन पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये। मुख्य रूप से सहारा इंडिया में जमा राशि वापस दिलाने, प्रधानमंत्री आवास, पट्टे, ग्रामीण विद्युत स्वास्थ्य, नकल प्राप्त करने, आयुष्मान व बीपीएल कार्ड बनवाने, उपचार हेतु सहायता, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, लडाई-झगड़ा, खाद्यान्न, निशक्त सहायता सहित श्रम और रोजगार तथा पीएचई आदि से संबंधित आवेदन थे। कलेक्टर ने जनसुनवाई में आये सभी आवेदकों से उनकी समस्या को धैर्यपूर्वक सुना गया। उन्होंने आवेदकों की समस्या के त्वरित निराकरण करने मौके पर मौजूद अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिये। श्री सुमन ने कई आवेदनों के निराकरण के लिये समय सीमा भी तय की।

## तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**जबलपुर, यशभारत।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने वर्ष 2023 में जबलपुर के लिये तीन स्थानीय अवकाश घोषित किये हैं जिसमें 9 मार्च भाई दूज, 23 अक्टूबर दुर्गा नवमी व 13 नवम्बर दीपावली का दूसरा दिन गोवर्धन पूजा के लिये स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उक्त स्थानीय अवकाश कोषालय, उप कोषालय तथा बैंकों पर प्रभावशील नहीं होगा।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों को अर्जित अवकाश की राशि प्रदान करने का हाईकोर्ट का आदेश



**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में दायर याचिका लक्ष्मी नारायण तिवारी निवासी सागर एवं अन्य चार तथा चंद्रशेखर टोटे सेवानिवृत्त शिक्षक सागर एवं अन्य पांच की याचिकाओं में माननीय हाईकोर्ट ने आदेशित किया है कि याचिकाकर्ता के अर्जित अवकाश का नगरीकरण की राशि का 60 दिवस के अंदर निराकरण का आदेश पारित किया है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता सत्येंद्र ज्योतिषी ने बताया कि याचिकाकर्ता लक्ष्मी नारायण तिवारी बारेलाल अहिरवार प्रीतम सिंह गोलंदाज शालिग्राम खमरिया चंद्रशेखर टोटे प्रसादी लाल वराजेंद्र सिंह राजपूत लप्रताप सिंह यादव तुलसीराम गुप्ता सहित अन्य सेवानिवृत्त शिक्षक हैं जिन्हें सेवा निवृत्ति के उपरांत उनकी सेवा काल के 300 दिन के अर्जित अवकाश की नकदीकरण राशि प्रदान नहीं की गई जिससे याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। समस्त याचिकाकर्ता स्कूल शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त शिक्षक हैं जिनका की रिटायरमेंट होने के बावजूद भी उन्हें अर्जित अवकाश की पात्रता होने के बाद भी नगरीकरण राशि का भुगतान उन्हें नहीं हुआ। जबकि उक्त शिक्षकों की सेवा पुस्तिका में भी 300 दिन का अर्जित अवकाश लिखित में दर्ज है उसके पश्चात भी उन्हें उक्त राशि प्रदान नहीं की गई जिससे आवेदक गणों ने माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी जिसमें माननीय न्यायालय ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए। अन आवेदक जिला शिक्षा अधिकारी एवं अन्य को यह आदेशित किया गया है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन का निराकरण 60 दिवस के अंदर कर आदेश पारित करें प्रकरण में आवेदक गणों की ओर से एडवोकेट सत्येंद्र जोशी ने पक्ष रखा।

### दहेज में चाहिए लाखों की रकम

# नवविवाहिता को प्रताड़ित कर घर से धक्के मारकर भगाया

**जबलपुर, यशभारत।** थाना महिला अंतर्गत बड़ी ओमती में दहेज प्रताड़ना का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जहां विवाह के एक वर्ष बीतने के बाद ही पति और ससुराल पक्ष, विवाह में कम दहेज लाने का उलाहना देते हुए लगातार प्रताड़ित करने लगे। उससे लाख मिन्नतें की लेकिन लाखों रुपयों की डिमांड करते हुए आरोपियों ने प्रताड़ित कर नवविवाहिता को घर से भगा दिया गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि 23 वर्षीय महिला निवासी बड़ी ओमती ने बताया कि उसका विवाह वर्ष 2019 को मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था उसके पिता ने अपनी हैसियत अनुसार शादी में सोने चांदी के जेवर तोहफे में दिये थे। शादी के एक वर्ष के बाद से पति मजहर , सास आशिया बेगम एवं ननद रूकिया बेगम उसे शादी में कम दहेज लाने का कहकर प्रताड़ित करते थे । लगभग तीन माह पूर्व उसे मारपीट कर भगा दिया, तब से वह अपने पिता के पास रह रही है ।

# उद्योगों के हितार्थ महत्वपूर्ण सुझाव: फेडरेशन

**जबलपुर, यशभारत।** प्रदेश एवं जबलपुर के उद्योगों के हितार्थ, फेडरेशन ऑफ मध्य प्रदेश चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने मध्य प्रदेश शासन के अंतर्गत राज्य स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड को महत्वपूर्ण सुझाव पेश किए जिसमें राज्य शासन की उचित कार्यवाही अपेक्षित है। एक जानकारी में फेडरेशन के उपाध्यक्ष हिमांशु खरे ने बताया कि उद्योग व्यापार की शीर्ष संस्था, फेडरेशन ने प्रदेश शासन को विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण सुझाव प्रेषित किये हैं। उन्होंने बताया कि फेडरेशन के यशस्वी अध्यक्ष डॉ राधाशरण गोस्वामी की अगुवाई में फेडरेशन ने वर्तमान औद्योगिक परिदृश्य में राज्य शासन से कई मुद्दों पर चर्चा की है जिसका सुखद प्रतिफल समय समय पर प्राप्त हो रहा है। हिमांशु खरे ने बताया कि शासन द्वारा इंडस्ट्रियल लैंड बिल्डिंग एलॉटमेंट एंड मैनेजमेंट रूल्स 2021 में जो संशोधन हाल ही में किए गए हैं उसका फेडरेशन स्वागत करता है ।

**निर्यात सम्बन्धी सुझाव** – डॉ राधाशरण गोस्वामी के अनुसार निर्यात प्रोत्साहन के संबंध में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई इकाइयों को 500000 का अनुदान दिया जाना चाहिए ताकि वह अपनी पसंद के दो अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में भाग ले सकें।

**रखरखाव शुल्क** – रखरखाव शुल्क के संबंध में नई औद्योगिक इकाइयां जो कोरोना काल के 2 वर्षो के दौरान निर्माण स्थापना नहीं कर पाई हैं उन्हें इस अवधि का रखरखाव शुल्क का भुगतान करने से छूट दी जाए क्योंकि इकाई पर शुरुआत में ही अधिक भार रहता है और लॉकडाउन के कारण 2 वर्ष तक उत्पादन गतिविधियां ठप रही हैं अतः 2 वर्ष का रखरखाव शुल्क माफ किया जाए .

**अग्निशमन एनओसी** – फायर एनओसी के संबंध में शासन के जो नियम है वह काफी जटिल हैं. शासन के द्वारा जो नवीन फायर नियम बनाए जाने हैं इसके लिए फेडरेशन का सुझाव है कि नियम को एक जैसा पूरे प्रदेश में लागू किया जाना चाहिए. यह नहीं होना चाहिए कि फायर पॉलिसी नगरीय निकाय क्षेत्र में अलग और पंचायत क्षेत्र में अलग हो। फेडरेशन के कार्यसमिति सदस्य अशोक कपूर, राजीव अग्रवाल, अरुण पवार आदि ने इस अवसर पर बताया कि प्रदेश शासन ने उक्त सुझावों को संज्ञान में लिया है जिस पर उचित कार्यवाही अपेक्षित है।

### रांझी में चल रही दिव्य प्रवचन माला

# कषायों के शमन से मिलती है शांति:मुनिश्री प्रणम्य सागर

**जबलपुर,यशभारत।**
क्रोध,मान,माया और लोभ ये चार कषायों के बंधन में उलझा हुआ जीव शांति की खोज में भटकता रहता किन्तु उसे शांति नहीं मिल पाती।इन चार कषायों का उपशमन होने पर ही प्राणी शांति का अनुभव कर पाता है।ये कषायें अनंतानुबंधी, प्रत्यख्यानवारण, अप्रत्याख्यानवारण तथा संज्वलन के रूप हुआ करती हैं जो आत्मा को कसती या बंधे रहती हैं। कषायों से शारीरिक अनेक बीमारियों का सामना भी करना पड़ सकता है।मन के अंदर एक गांठ उतपन्न हो जाती है जो इनके शमन होने पर ही संभव होती है।शरीर मे होने वाली गांठ तो ऑपरेशन के माध्यम से ठीक हो जाती है किन्तु मन की गांठ सम्यक दर्शन की उपलब्धि होने पर ही उपशमन और फिर पूर्ण क्षय को प्राप्त होती है।उक्त उद्गार अर्ह योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागरजी महाराज ने रांझी स्थित जैन मंदिर में नई छह ढाला ग्रंथ पर उपदेश देते हुए व्यक्त किये। उल्लेखनीय है कि संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के शिष्य अर्ह योग प्रणेता



मुनिश्री प्रणम्य सागरजी महाराज एवं मुनिश्री चंद्र सागरजी महाराज का शीतकालीन प्रवास रांझी नगर में चल रहा है जहां प्रतिदिन प्रातः 8.45 बजे से प्रवचन, दोपहर 3 बजे से धार्मिक स्वाध्याय तथा संध्या 5.45 पर गुरुभक्ति तथा अन्तरगूँज कार्यक्रम चल रहे हैं।आज शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से मुनिसंघ के सानिध्य तथा ब्र नवीन भैया के निर्देशन में श्री वर्द्धमान स्त्रोत विधान होगा।जबलपुर शहर तथा आसपास के स्थानों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रावक जन मुनिसंघ के सानिध्य में धर्म लाभ ले रहे हैं।समस्त आयोजन में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील जैन समाज रांझी पदाधिकारियों ने की है।

# युवक को रास्ते में रोका मारापीटा, घोंप दी चाकू

**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर थाना अंतर्गत देर रात बाइक सवार युवक को बीच रास्ते रोककर, बदमाश ने पुरानी रंजिश भुनाने पहले तो जमकर गालीगलौच की और फिर जब इतने से भी मन नहीं भरा तो चाकू मारकर लहूलुहान कर दिया। जिसके बाद पीड़ित को आनन-फानन में विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां घायल का इलाज जारी है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस को लकी केशरवानी 29 वर्ष निवासी बढ़ई मोहल्ला ने बताया कि वह हितकारिणी स्कूल के बाजू में चाट का ठेला लगाता है । देर रात ठेला बंद करके पप्पू यादव के साथ बाइक से घर जा रहा था तभी हरदौल मंदिर के पास पहुंचा जहां सूरज ठाकुर मिला। जिसने बाइक रोकी और गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो सूरज ठाकुर ने चाकू से हमलाकर घायल कर दिया।

# नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं सर्जरी तथा फिजीयोथेरेपी शिविर 18 को

**जबलपुर, यशभारत।** श्री गुजराती मंडल एवं क्राईस्ट चर्च स्कूल्स एल्युमिनाई एसोसीयेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक मेगा नि:शुल्क नेत्र एवं फिजीयोथेरेपी शिविर का आयोजन मढ़ाताल स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल सामुदायिक भवन में रविवार 18 दिसंबर को प्रात 10 से2 बजे तक किया गया है। इस शिविर में नेत्रपरीक्षण उपरांत चयनित 100 मरीजों के मोबियाबिंद की शल्य चिकितसा शहर के दक्ष नेत्रालय में डॉ कौस्तुभ हर्षे एवं सांई शिवा नेत्रालय में डॉ आशीष नेमा द्वारा किए जाएंगे। चयनित मरीजों की मोतियाबिंद सर्जरी में लेन्स प्रतयार्पण,दवाईया, प्राथमिक चश्में यह सेवा पूर्णत नि:शुल्क प्रदान की जाएगी। इस मेगा शिविर में श्री गुजराती द्वारा संचालित फिजीयोथरेपी एलोपैथी, एक्यूप्रेशन एव होम्योपेथी का उपार पूर्णत नि:शुल्क प्रदान किया जायेगा। इस मेगाशिविर की पूर्व तैयारी में डॉ राजेश धीरावाणी, डॉ राजेश महोबिया, सचिव दिनेश वीरा, स्वास्थ्यसमिति के हंसाबेन शाह, गिरीश जोबनपुत्रा, हर्षासोनी, एसआरएटीआरसी क चंद्रश वीरा, विपिन सावला, मीना शाह, प्रक्षा ओसवाल, क्राईस्टचर्चस्कूल्स एल्युमीनाई के रमिंदर चौपड़ा, अमीन बेगड़, रंजेय मदान, असगरअली, दीपक वर्मा तथा अनेक स्वयं सेवकों का सक्रीय सहयोगरहा। पीड़ित मानवता के लाभाथ्रआयोजत इस मेगाशविर का लाभ लेने का आव्हान जबलपुर के नागरिकों से है।

# पार्षद ने पढ़ने की इच्छा रखने वाली बालिका का उठाया जिम्मा, निजी स्कूल में कराया दाखिला

**जबलपुर, यशभारत।** पनागर विधानसभा अंतर्गत गुरुनानक वार्ड में आर्थिक तंगी से जूझ रहे मजदूर परिवार की बेटी को पढ़ाने का जिम्मा पार्षद और उनके पति ने उठाया है। यहाँ आपको बता दे की गुरुनानक वार्ड में रहने वाले सुरेश चौधरी मजदूरी का काम करते है वही कोरोना के बाद उनकी आर्थिक स्तिथि बेहद खराब हो गई वही परिवार में पत्नी ,दो बेटी,और 1 बेटे का खर्च उठाना सुरेश चौधरी का बेहद कठिन हो रहा था,जहाँ नियति भी कभी कभी ऐसे परिवार को क्या क्या भोगने को मजबूर कर देती हैं, मजदूरी के दौरान सुरेश कुमार का एक्सीडेंट हो गया,जिसके बाद बच्चों की पढ़ाई और घर खर्च चलाना बेहद कठिन हो गया। जैसे ही गुरुनानक वार्ड की पार्षद प्रीति बाहदुर राय और उनके पति बहादुर राय को इस बात की जानकारी लगी तो वह इस परिवार के घर पहुँचा जहाँ पार्षद ने आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार की मदद की,इस दौरान सुरेश चौधरी की बेटी नीलू चौधरी ने पार्षद से आगे पढ़ने की इच्छा जाहिर की जहाँ पढ़ने के जज्बे को देखते हुए पार्षद और उनके पति बाहदुर राय ने गुरुनानक वार्ड में ही स्थित निजी स्कूल में बच्ची का नवमीं



क्लास में एडमिशन कराते हुए फीस से लेकर कॉपी किताब,ड्रेस की व्यवस्था की और बड़ी बेटी और बेटे को शासकीय स्कूल में पुनः एडमिशन करवाया गया, वही इस संबंध में नीलू चौधरी का कहना है की उसे आगे पढ़ाई करनी थी लेकिन घर की आर्थिक स्तिथि अछि न होने के कारण वह आगे पढ़ नहीं पा रही थी,वही नीलू ने बताया कि वह आगे पढ़ लिखकर कुछ बनना चाहती है और उनका आगे पढ़ने का सपना पार्षद के द्वारा कराया गया,अब वह पढ़ लिखकर आगे अपने परिवार के लिए बहुत कुछ करना चाहूंगी। वहीं पार्षद पति बहादुर राय ने बताया की चुनाव के समय जब वह घर घर जा रहे थे तभी सुरेश चौधरी के बारे में पता चला जिसके बाद उनकी मदद करते हुए उनकी छोटी बेटी का एडमिशन निजी स्कूल में कराया गया है।जिससे नीलू चौधरी पढ़ लिखकर आगे बढ़ सके।

# रोजगार कार्यालय में मेला कल

**जबलपुर, यशभारत।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय द्वारा जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए जिला रोजगार कार्यालय चतुर्थ तल उद्योग भवन टी.वी. टावर के पास कटंगा में 15 दिसम्बर को रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। रिक्रूटमेन्ट ड्राईव में सम्मिलित होने वाले दसवीं, बारहवीं, स्नातक तथा आईटीआई एवं पोलिटेक्निक डिप्लोमा योग्यता वाले तथा 18 वर्ष से 30 वर्ष आयु वाले आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से निजि क्षेत्र की कंपनियों में चयन किया जायेगा। आवेदक प्रातः 11़00 बजे से सायं 04़00 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय चतुर्थ तल उद्योग भवन टी.वी. टावर के पास जबलपुर में अपने समस्त शैक्षणिक व अन्य प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा सहित उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

# नि:शुल्क आयुष्मान शिविर में 45 कार्ड बनाए गए

**जबलपुर, यशभारत।** वीर सावरकर वार्ड के प्रबुद्ध जनों हेतु आस्था सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जन कल्याण हेतु एक दिवसीय निशुल्क आयुष्मान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 45 आयुष्मान कार्ड बनाए गए कार्यक्रम में वीर सावरकर वार्ड की पार्षद श्रीमती पूजा पटेल की उपस्थिति रही पार्षद का स्वागत समिति अध्यक्ष ने स्मृति चिन्ह देकर किया कार्यक्रम में समिति सदस्यों में अध्यक्ष सोनल सोनी उपाध्यक्ष राजकुमार जाटव सचिव रेनू तिवारी कोषाध्यक्ष रचना वर्मा सह सचिव श्वेता सिंह राजपूत सह सचिव अनुराग पटेल सह कोषाध्यक्ष डॉ अरुणा पाठक सदस्य अक्षर राठौर सदस्य कर्नल सुनील भारद्वाज सदस्य विद्या चंदाराना सभी सदस्यों का उल्लेखनीय योगदान रहा अंत में समिति उपाध्यक्ष द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने वाली टीम का आभार व्यक्त किया।



पश्चिम मध्य रेल

शुद्धि पत्र संख्या– 3, 4 और 5

निविदा संख्या पमरेटीपी2022486 के लिए शुद्धिपत्र जारी किया गया है, कृपया पश्चिम मध्य रेलवे के वेबसाईट "https://ireps.gov.in" पर देखें। **निविदा संख्या–** पमरेटीपी 2022486, **सक्षिप्त विवरण–**(I) आरडीएसओ **ड्रग के** अनुसार 02 नग जॉगल फिश प्लेट 60 कि. ग्रा. का निर्माण एवं आपूर्ति नं. टी–5849 के साथ 04 नग बोल्ट के साथ नट और विशेष वाशर 25X180 मिमी के अनुसार ड्रग नंबर टी– 11513 और 04 नग सिंगल कॉइल स्प्रिंग वॉशर Drg. 10773. **निविदा संख्या– पमरेटीपी 2022486, सक्षिप्त विवरण–** (II) आरडीएसओ **ड्रग के** अनुसार 02 नग जॉगल फिश प्लेट 52 कि. ग्रा. का निर्माण एवं आपूर्ति नं. टी–5848 के साथ 04 नग बोल्ट के साथ नट और विशेष वाशर 25X180 मिमी के अनुसार ड्रग नंबर टी–11513 और 04 नग सिंगल कॉइल स्प्रिंग वॉशर Drg. 10773. **निविदा खुलने संशोधित तारीख–** 20.12.2022 को 11:30 सुबह, निविदा दस्तावेज का शुदधिपत्र को IREPS वेबसाईट https://ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है।

उप मुख्य इंजीनियर/रेलपथ आपूर्ति
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

कोरोना को है हराना, तो टीकाकरण जरूर कराना

### श्रीराम दरबार का स्थापना दिवस, श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा सप्ताह

# कलश यात्रा से हुआ श्रीगणेश



**जबलपुर, यशभारत।** श्री राम पीपलेश्वर मंदिर आस्था परिसर समिति न्यू रामनगर में श्रीराम दरबार का स्थापना दिवस समारोह , श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा सप्ताह का शुभारंभ मंगल कलश यात्रा से हुआ। कथा व्यास डा. मनु महाराज के नेतृत्व में निकाली गई भव्य कलश यात्रा में परिसर के सभी लोग एवं हमारे वरिष्ठ मार्गदर्शिका और संरक्षक का श्रीमती प्रभा यादव एवं समिति के अध्यक्ष एस पी गुहेरा,सीताराम पटेल ,राम रतन शुक्ला ,लालचंद यादव पप्पू वर्मा मुकेश पटेल जेपी पांडे जी राजकुमार गुप्ता जी अवनीश पटेल विनेश अग्रहरि मुकेश यादव ,दीपक शर्मा जी टिम्मी ,श्रीमती माया देवी मीरा देवी उमा बाई पटेल अनुभा दूबे दीपका पूर्णिमा गुप्ता सावरे कल्पना यादव श्रीमती वर्षा शर्मा मेघा शर्मा रश्मि अग्रहरि मीनू यादव किरण पटेल अर्चना एवं प्रमिला शुक्ला आदि शामिल हुए। इस भव्य शोभायात्रा का आकर्षण का केंद्र कलश यात्रा रही जिसमें लगभग डेढ़ सौ से 200 महिलाएं रंग बिरंगे कलश लेकर चल रही थी एवं परिसर एवं क्षेत्रीय जनों का अपार समूह लगभग हजारों की संख्या में शोभायात्रा में सम्मिलित हुए और जय श्री कृष्ण के नारे से वातावरण कोद्ध क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया।

### मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी-2023

# कलाकृतियाँ जमा करने की अंतिम तिथि अब 13 जनवरी

**जबलपुर, यशभारत।** उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी द्वारा मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी-2023 और रूपंकर एवं ललित कलाओं के 10 पुरस्कारों के लिए कलाकृतियाँ 13 जनवरी, 2023 की शाम 5 बजे तक जमा होंगी। कलाकृतियाँ उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी रवीन्द्रनाथ ठाकुर मार्ग, बाणगंगा चौराहा, भोपाल एवं ललित कला अकादमी, जबलपुर/ग्वालियर/इंदौर में जमा की जा सकेंगी। अकादमी के फेसबुक पेज https://www.facebook.com/ kalamitrab-pl/ और अन्य माध्यम से डाउनलोड आवेदन विवरणिका की फोटो प्रतियाँ (ए4 साइज) भी प्रवेश-पत्र के रूप में स्वीकार की जायेगी। प्रदेश के ख्यातिलब्ध कलाकारों के नाम से स्थापित रूपंकर एवं ललित कलाओं के 10 पुरस्कारों के लिए कलाकृतियाँ आमंत्रित की गई हैं। प्रत्येक पुरस्कार की राशि 51 हजार रूपये होगी। प्रदर्शनी में ज्यादा-से-ज्यादा तीन कलाकृतियाँ मान्य की जायेगी तथा 25 से 55 वर्ष तक की आयु वर्ग के कलाकार भाग ले सकेंगे। कलाकारों की मौलिक कलाकृतियाँ जो जनवरी 2021 के बाद सृजित हो मान्य की जायेगी।

**Notice Inviting e-Tenders**
**JABALPUR MUNICIPAL CORPORATION**
**Zone-6 Department**

N.I.T. No./PWD-e-tendering/PRO-555 Dated : 13.12.2022

Online Percentage Rate Bids for the following works are invited from Registered Contractors and Firms of repute fulfilling registration criteria.

| S.No./Pkg/ Code | Work | District (s) | Probable Amount (Rs.) | Completion Period (Month) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सम्भाग क्रमांक-06 अंतर्गत पं. वल्लभ पंत वार्ड में हरिजन बस्ती में लल्ला जानोकर के समीप नाली एवं दुल्ली किराना के समीप एवं अम्बर ठाकुर के समीप सीमेंटीकरण कार्य (पार्षद अनुशंसा) | जबलपुर | 4,22,000.00 (चार लाख बाईस हजार रुपये मात्र) | 03 माह |
| 2. | सम्भाग क्रमांक-06 अंतर्गत राजीव गाँधी वार्ड में शांति नगर में सोनू गुलवानी जी के समीप एवं रानी दुर्गावती चौक गुप्ता जी दुकान के समीप नाली निर्माण कार्य (पार्षद अनुशंसा) | जबलपुर | 4,21,500.00 (चार लाख इक्कीस हजार पाँच सौ रुपये मात्र) | 03 माह |

(1) Interested Bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in. (2) The Bid Document can be purchased only Online from **16.12.2022** (Time) 10.30 A.M. (Date) to **30.12.2022** (Time) 05.30 P.M. (Date)

Executive Engineer
Nagar Nigam Jabalpur

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विनय सिंह पिता श्री शिव मंगल सिंह ने मौजा जमुनिया पहनं 25/50 (पडारिया), तह. मझौली व जिला जबलपुर स्थित खसरा नं 86 का रकवा 3.0200 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का सौदा विक्रेता श्री महेन्द्र पिता श्री दरबारी लाल, 2 सौरभ पिता श्री नरेन्द्र एवं 3 मुन्ना अली पिता श्रीजमात अली के एवाज में अनुबंधकर्ता श्री कदीर खान पिता श्री नसीर खान नि. जबलपुर वालों से हुआ है। उक्त सम्पतित के विक्रय पत्र का निष्पादन/पंजीयन आगामी दिवस में शीघ्र अतिशीघ्र होना है। अतः उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थान, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्थान इत्यादि को कोई भी आपत्ति हो तो वह आपत्ति कारणों एवं दस्तावेजों सहित 3 दिवसों में मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त सम्पत्ति का पंजीयन पूर्ण करा लिया जावेगा और तत्पश्चात ऐसी सभी आपत्ति/दावा मान्य नहीं होगी और मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति का बेनामा अपने पक्ष में करा लेगा।

दिनांक 14/12/2022
जबलपुर

**अंकित तिवारी**
**एडवोकेट**
9977796606,8770097900

रोजगार प्रशिक्षण

क्या आप रोजगार चाहते हैं

आईये ! हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े और एक अच्छा रोजगार पायें

कार्यक्रम सिर्फ 18 से 30 आयुवर्ग के लिए है
register nline@
https://www.grow.org.in

90099-85689

## संपादकीय

# देश को भरोसे में लेने की जरुरत

भारत और चीन सीमा पर दोनों देशों के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प के बाद के बीच सीमा विवाद और ज्यादा गहरा गया है. बताया जाता है कि यदि चीन युद्ध जैसा माहौल बनान चाहता है तो ये चीन के लिए काफी दुर्भाग्यपूर्ण होगा. यदि हालात बद-से-बदतर हुए तो नुकसान चीन का ज्यादा होगा। इसलिए भारत दो-टूक चीन से कह रहा है कि अब चीन को वापस हटने की जरूरत है। उल्लेखनीय कि 9 दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश में लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर भारत और चीन के सैनिकों की झड़प हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी -पीएलए- के जवानों ने तवांग क्षेत्र में एलएसी पार करने का दुस्साहस किया।चीनी सैनिक तवांग इलाके में भारत के एक पोस्ट को हटाना चाहते थे। भारतीय सेना ने चीन की घुसपैठ का करारा जवाब दिया। इस घटना में चीनी फौज को भारतीय सेना से काफी ज्यादा नुकसान हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 17 हजार फीट की ऊंचाई पर यह झड़प हुई। चीन के 300 सैनिकों ने घुसपैठ की कोशिश की थी, लेकिन भारतीय सैनिक इस तरह की हरकत के लिए पहले से ही तैयार थे। घटना के बाद कमांडर लेवल की बातचीत हुई और दोनों ही पक्षों के जवान वहां से हट गए। तवांग क्षेत्र में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प नौ दिसंबर को हुई। 12 दिसंबर को उसकी खबर सूत्रों के हवाले से आई। क्या यह हैरतअंगेज नहीं है कि तीन दिन तक दोनों देशों की सरकारें ऐसी भड़काऊ घटना को लेकर चुप्पी साधे रहीं? हैरतअंगेज हाल यह भी है कि भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा के साथ-साथ कूटनीतिक मोर्चे भी तनाव जारी होने के बावजूद कारोबार के क्षेत्र में संबंध लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। ऐसे में एक आम भारतीय के लिए यह समझना कठिन हो गया है कि दोनों देशों के बीच रिश्तों की वास्तविक स्थिति क्या है। जून 2020 में गलवान में दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़प होने के बाद भारत सरकार की तरफ से आए कुछ बयानों ने भ्रम और बढ़ा दिया था। मसलन, प्रधानमंत्री ने कहा था कि भारतीय क्षेत्र में कोई घुसपैठ नहीं हुई है। उधर केंद्रीय मंत्री और पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल वीके सिंह ने तो यहां तक कह दिया था कि चीन के फौजियों ने जितनी बार घुसपैठ की है, उससे कई गुना ज्यादा बार भारतीय सैनिकों ने ऐसा किया है। इस बीच देश के अंदर राष्ट्रवादी भावनाओं का उफान जरूर आया, लेकिन जहां चीन को सचमुच जवाब देने की जरूरत थी, वहां कुछ हुआ- ऐसी जानकारी सार्वजनिक रूप से मौजूद नहीं है। इस क्षेत्र में दोनों सेनाएं कुछ हिस्सों पर अपना-अपना दावा ठोकती आई हैं। 2006 से यह विवाद जारी है। इससे पहले 15 जून 2020 को लद्दाख के गलवान घाटी में दोनों सेनाओं के बीच झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे, जबकि चीन के 38 सैनिक मारे गए थे। हालांकि चीन ने 4 सैनिक मारे जाने की बात ही कबूली थी। सरहद पर चीन से झगड़े पर दिल्ली में सियासी तलवारबाजी शुरू हो गई है. संसद सत्र के छठे दिन सदन में तवांग के मुद्दे पर हंगामा हुआ। कांग्रेस ने सदन में सरकार से इस पर सफाई मांगी है.चर्चा के लिए सेक्रेटरी जनरल को नोटिस भी भेजा गया है। अब जबकि अरुणाचल प्रदेश से लगी चीन की सीमा पर भी हालात बिगड़ने के संकेत हैं, तो यह उचित अपेक्षा है कि भारत सरकार इस बारे में देश को भरोसे में ले। इसकी शुरुआत सर्वदलीय बैठक से की जा सकती है, लेकिन जरूरी यह भी है कि आम जन को भी वास्तविक स्थिति के बारे में मालूम हो। ऐसी चर्चाएं रही हैं कि अरुणाचल प्रदेश पर चीन की नजर है। रक्षा विशेषज्ञों ने कहा है कि अभी जो हुआ है, वह ग्रे-जोन ऑपरेशन है। लेकिन आगे जा कर बात और बिगड़ सकती है और चीन का अधिक आक्रामक रुख देखने को मिल सकता है। इसलिए ऐसी तमाम अवांछित स्थितियों के लिए देश को तैयार रहना होगा। सरकार इसकी शुरुआत लोगों को असल हालत से जागरूक करते हुए कर सकती है।

## 14 दिसम्बर पर विशेष

# समझना होगा ऊर्जा का महत्व

**हमारे जीवन में प्रतिदिन के विभिन कार्यों के संचालन के लिए ऊर्जा अत्यंत महत्वपूर्ण साधन है। दुनिया की अर्थव्यवस्था में वृद्धि के साथ-साथ प्रतिवर्ष ऊर्जा की मांग भी बढ़ती जा रही है। हम प्रतिदिन विभिन रूपों में ऊर्जा का उपयोग करते है। अत: भविष्य में ऊर्जा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसका संरक्षण आवश्यक है।**



ऊर्जा संरक्षण से तात्पर्य विभिन उपायों के माध्यम से ऊर्जा का संरक्षण करना है। ऊर्जा संरक्षण के अंतर्गत विभिन कार्यो के माध्यम से ऊर्जा का उपयोग इस प्रकार किया जाता है। जिससे वर्तमान की आवश्यता की पूर्ति के साथ भविष्य की जरूरतें भी पूरी हो सकें। ऊर्जा संरक्षण से तात्पर्य ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग है। इसका अर्थ है ऊर्जा का अनावश्यक उपयोग ना करना एवं कम से कम ऊर्जा का उपयोग करते हुए कार्य को करना।

बिजली आज पूरी दुनिया की सबसे अहम जरूरत बन गयी है। बिजली के बिना कोई भी देश तरक्की नहीं कर सकता है। थो? से समय के लिये बिजली चली जाने पर हमारे अधिकतर काम रूक जाते हैं। बिजली हमारे जनजीवन का कब मुख्य हिस्सा बन गयी हमें पता ही नहीं चल पाया। आज हमारा पूरा जनजीवन बिजली से जु?ा हुआ है। बिजली का उत्पादन मशीनो से किया जाता है। ऐसे में हमें हर हाल में बिजली का दुरूपयोग नहीं करना चाहिये।

भारत में हर साल 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। भारत में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाने का मकसद लोगों को ऊर्जा के महत्व के साथ ही ऊर्जा की बचत के बारे में जागरुक करना है। भारत सरकार ने वर्ष 2001 में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 लागू किया था। इस अधिनियम में ऊर्जा के गैर पारम्परिक स्त्रोतों को इस्तेमाल में लाने के लिए ब? पैमाने पर तैयारी करना, पारम्परिक स्त्रोतों के संरक्षण के लिए नियम बनाना आदि शामिल था। भारतीय संसद द्वारा पारित ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 में ऊर्जा संरक्षण में ऊर्जा के कम या न्यूनतम उपयोग पर जोर दिया जाता है और इसके अत्यधिक या लापरवाही पूर्ण उपयोगों से बचने के लिए कहा जाता है।

भारत एक ऐसा देश है जहां पूरे साल सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा का इस्तेमाल किया जा सकता है। भारत में साल भर में लगभग 310 दिनों तक तेज धूप खिली रहती है। भारत भाग्यशाली देश है जिसके पास सौर ऊर्जा के लिए खिली धूप की उपलब्धता, पर्याप्त मात्रा में भूमि की उपलब्धता, परमाणु ऊर्जा के लिए थोरियम का अथाह भंडार तथा पवन ऊर्जा के लिए लंबा समुद्री किनारा नैसर्गिक संसाधन के तौर पर उपलब्ध है। जरूरत है तो बस उचित प्रौद्योगिकी का विकास तथा संसाधनों का दोहन करने की।

देश की ऊर्जा की मांग और आपूर्ति में बहुत बड़ा अन्तर है। देश में बिजली संकट लगातार गहराता जा रहा है। अगर इस समय बिजली संकट को गंभीरता से नहीं लिया गया तो यह भारत के विकास के लिए बड़ा अभिशाप सिद्ध हो सकता है। क्योंकि किसी भी देश की तरक्की का रास्ता ऊर्जा से ही होकर जाता है। सरकार को अब वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों पर गंभीरता से विचार करते हुए ऊर्जा बचत के लिए जरूरी उपाय अपनाने पड़ेंगे। इस मायने में सूर्य से प्राप्त सौर ऊर्जा अत्यंत महत्वपूर्ण विकल्प है।

सौर ऊर्जा प्रदूषण रहित, निर्बाध गति से मिलने वाला सबसे सुरक्षित ऊर्जा स्रोत है। भारत में सौर ऊर्जा लगभग बारह महिने उपलब्ध है। सौर ऊर्जा को और अधिक उन्नत करने के लिए हमें अपने संसाधनों का उपयोग करना चाहिए। ऊर्जा के मामले में अधिक समय तक दूसरों पर निर्भर नहीं रहा जा सकता है। ऊर्जा के क्षेत्र में हमें अपनी तकनीक और संसाधनों का उपयोग कर आत्मनिर्भरता हासिल करनी ही होगा। यह दुख का विषय है कि बहुत लम्बे समय तक हमने सौर ऊर्जा के उत्पादन व उपयोग पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। हमारे देश की परिस्थितियां विषम होने के कारण हमें सभी उपलब्ध ऊर्जा विकल्पों पर विचार करना होगा। इसके साथ ही ऊर्जा संरक्षण के व्यावहारिक कदमों को अपनाना होगा ताकि बड़े पैमाने पर बिजली की बचत हो सके।

हमारे देश में ऊर्जा की मांग तीव्रगति से बढ़ रही है। लेकिन उत्पादन में खपत की तुलना में बढ़ोत्तरी नहीं हो पा रही है। देश में चल रही पुरानी बिजली परियोजनाएं कभी पूरा उत्पादन नहीं कर पाई है। नई स्थापित होने वाली परियोजनाओं के लिए स्थितियां अनुकूल नहीं होती हैं। देश में बिजली के इस संकट को अगर अभी समय रहते दूर नहीं किया गया तो आने वाले समय में गंभीर संकट का सामना करना होगा। दुर्भाग्यवश हमारे देश में खनिज, पेट्रोलियम, गैस, उत्तम गुणवत्ता के कोयला जैसे प्राकृतिक संसाधन बहुत सीमित मात्रा में ही उपलब्ध हैं। ऊर्जा की बचत किये बिना हम विकसित राष्ट्र का सपना नहीं देख सकते हैं।

हमारे देश में 15 सितंबर 2022 तक स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता 404,132.96 मेगावाट थी। जिसमें कोयले से 210,699.5 एमेगावाट अथवा 52.14 प्रतिशत, हाइड्रोपावर (पनबिजली) से 46,850.17 मेगावाट यानि कुल क्षमता का 11.5 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस का योगदान 24,856.21 मेगावाट यानि क्षमता का महज 6 प्रतिशत से थोड़ा ज्यादा और परमाणु ऊर्जा का योगदान 6780 मेगावाट है। देश के सभी घरों तक 24 घंटे बिजली पहुंचाने के लिए मौजूदा क्षमता कम पड़ेगी। इसके लिए वर्तमान क्षमता से कम से कम 30 फीसदी अधिक बिजली की जरूरत होगी। इसके लिये देश में पावर प्लांटों में 100 फीसदी बिजली उत्पादन करना होगा।

आज जिस तेजी के साथ हम प्राकृतिक और परम्परिक ऊर्जा के स्त्रोतों का उपयोग कर रहे हैं। उस रफ्तार से 40 साल बाद हो सकता है हमारे पास तेल और पानी के बड़े भंडार खत्म हो जाए। उस स्थिति में हमें ऊर्जा के गैर-पारंपरिक स्त्रोतों यानि सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा जैसे साधनों पर निर्भर होना पड़ेगा। लेकिन ऊर्जा के गैर-पारंपरिक स्त्रोतों को इस्तेमाल करना थोड़ा मुश्किल है और इस क्षेत्र में कार्य अभी प्रगति पर है। इन स्त्रोतों को इस्तेमाल में लाने के लिए कई तरह के वैज्ञानिक शोध चल रहे हैं जिनके परिणाम आने और आम जीवन में इस्तेमाल लाने के लायक बनाने में अभी समय लगेगा। इसे देखते हुए अगर हमने अभी से ऊर्जा के स्त्रोतों का संरक्षण करना शुरू नहीं किया तो आगे चलकर हालात बहुत बदतर हो सकते हैं।

केंद्र सरकार का कहना है कि देश के अब सभी 5 लाख 97 हजार 464 गांवों का विद्युतीकरण हो गया है। सरकार की परिभाषा के मुताबिक वे गांव इलेक्ट्रिफाइड माने जाते हैं। जहां बेसिक इलेक्ट्रिकल इंफ्रास्ट्रक्चर हो और गांव के 10 फीसदी मकानों और सार्वजनिक जगहों पर बिजली हो। भारत में बीते एक दशक के दौरान बढ़ती आबादी, आधुनिक सेवाओं तक पहुंच, विद्युतीकरण की दर तेज होने और सकल घरेलू आय में वृद्धि की वजह से ऊर्जा की मांग काफी बढ़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस मांग को सौर ऊर्जा के जरिए आसानी से पूरा किया जा सकता है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अपार संभावनाओं को देखते हुए अब विदेशी कंपनियों की निगाहें भी भारत पर हैं।

आज विश्व का हर देश कागजी स्तर पर तो ऊर्जा संरक्षण की बड़ी-बड़ी बातें करता है। लेकिन ऊर्जा की बर्बादी में सबसे आगे नजर आते हैं। अगर भारत की बात की जाए तो यहां विश्व में पाएं जाने वाली ऊर्जा का बहुत कम प्रतिशत हिस्सा पाया जाता है। लेकिन इसकी तुलना में हम इसको कहीं ज्यादा खर्चा करते हैं। हमारे देश में आज ऊर्जा बचत के उपायों को शीघ्रतापूर्वक और सख्ती से अमल में लाए जाने की जरूरत है। इसमें देश के हर नागरिक की भागीदारी होनी चाहिए। हर संभव ऊर्जा बचत करें तथा औरों को भी इसका महत्व बताएं।

**रमेश सर्राफ धमोरा**

# आपका राशिफल 15 दिसम्बर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-5-6-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। आत्मचिंतन कर। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। यात्रा का योग बनेगा। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-5-7-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। स्वविवेक से कार्य कर। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-7-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू)
जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-4-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर वाले मदद करेंगे। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दे शुभांक-2-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-4-6-8

## फिल्म वर्ग पहेली- 6016

**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, सलमान, हेमा, महिमा की 'होरी खेले' गीत वाली फिल्म-४
४. 'जवना तेरे नाल' गीत वाली अमिताभ, जैकी श्रॉफ, मधु सप्रे, कैटरीना कैफ, जीनत, सोमा की फिल्म-२
६. सुनील शेट्टी, सोनाली बेंद्रे की 'तुम से मिलने को' गीत वाली फिल्म-३
७. 'चढ़ गया ऊपर रे' गीत वाली मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
९. अमजद, विनोद मेहरा, बिंदिया की 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'मिलती है झुकती है' गीत वाली आफताब, पुरु मुखी की फिल्म-२
१२. बलराज साहनी, नूतन की 'तु प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'मेरी पैंट भी सैक्सी' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-३
१५. अजय देवगन, पूजा, सोनाली की 'तुम आये तो' गीत वालीफिल्म-२
१६. 'दिल ही दिल में' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया की फिल्म-२
१८. अजय, अभिषेक, बिपाशा की 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली फिल्म-३
२१. अमिताभ वाली फिल्म 'यारना' की नायिका कौन थी-२
२२. 'टपका रे टपका' गीत वाली संजयदत्त, माधुरी की फिल्म-४
२५. धर्मेन्द्र, हेमा की 'दुनिया जब जलती है' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'अल्हड़ मस्त जवानी' गीत वाली अजय देवगन, ग्रेसी सिंह की फिल्म-४
२७. डिनो मोरिया, बिपाशा की 'जब दिल चुराये' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अक्षय, रवीना की 'एक लड़की एक लड़का' गीत वाली फिल्म-३
२. 'आँखों के रस्ते' गीत वाली बॉबी देओल रानी मुखर्जी की फिल्म-३
३. गोविंदा, करिश्मा की 'तुमसा कोई प्यारा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'पुचके से दिल' गीत वाली राजकुमार, राजेश खन्ना, मालासिन्हा की फिल्म-३
८. अनिल कपूर, श्रीदेवी, रवीना की 'लड़की है क्या' गीत वाली फिल्म-३
९. 'जाने जाने नैनों में' गीत वाली अमोल पालेकर, रंजीता की फिल्म-३
११. संजय, सलमान, माधुरी की 'जियें तो जियें' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'काले तेरी अँखियाँ' गीत वाली सनी, जैकी, मनीषा की फिल्म-३
१४. डिनो, बिपाशा की 'कितना प्यारा है' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'रहें ना रहें हम' गीत वाली धर्मेन्द्र, सुचित्रा सेन की फिल्म-३
१९. 'मैं चुप रहूँगी' में सुनीलदत्त के साथ नायिका कौन थी?-२
२०. फिल्म 'करीब' में बॉबी देओल के साथ नायिका कौन थी?-२
२२. आफताब, उर्मिला की 'सुना था देखा ना था' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'मैं तेरी दुश्मन' गीत वाली ऋषि कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-३
२४. जाकिर, शबाना, अरुणा की 'बादल चाँदी बरसाये' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6015 (हल)

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6529

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6528 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

# आंखों में हो रही है Pollution के कारण जलन तो इन टिप्स के साथ रखें आंखों का ध्यान

**बढ़ते प्रदूषण के कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। हवा की गुणवत्ता खराब होने के कारण वायु प्रदूषण बढ़ने लगता है, जिसके कारण आंखों में जलन, श्वासन संबंधी समस्याएं ज्यादातर होने लगती हैं। ऐसे में यदि आपको भी बढ़ते प्रदूषण के कारण आंखों में जलन हो रही है तो आप इन टिप्स के साथ समस्या से राहत पा सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में...**

### ठंडे पानी से धो लें आंखें

यदि आपकी आंखों में जलन हो रही है तो आप अपनी आंखों को ठंडे पानी से धो लें। कार्बन ऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड की उच्च सांद्रता जलन का कारण बनती हैं।

### स्क्रीन से रहें दूर

आंखों में जलन होने पर आप स्क्रीन से भी थोड़ा दूरी बनाकर रखें। खासकर मोबाइल फोन, लैपटॉप जैसी चीजों का इस्तेमाल थोड़ा कम करें। यदि जरुरत लग रही है तो ही आप फोन और कंप्यूटर का इस्तेमाल करें। इसके अलावा पानी का ज्यादा सेवन करें ताकि ड्राई आइज की समस्या भी हो सकती है।

### चश्मे का करें प्रयोग

वायु प्रदूषण के कारण यदि आपकी आंखों में जलन हो रही है तो कोशिश करें कि बाहर जाते हुए चश्मे लगाके ही निकलें। चश्मा लगाने से आपकी आंखों की जरुरत होती है। प्रदूषण सबसे पहले आपकी आंखों को प्रभावित करता है इसलिए आप आंखों पर चश्मा जरुर लगाएं।

### हैल्दी डाइट लें

प्रदूषण से बचने के लिए आपको अपनी डाइट का भी खास ध्यान रखना चाहिए। आप हरी सब्जियां, फल, गाजर, पालक, विटामिन-सी भरपूर आहार को शामिल करें। खासकर आप गाजर, पालक, साग जैसी चीजों को शामिल कर सकते हैं।



### न करें मेकअप

यदि आपको अपनी आंखों में जलन है तो इस दौरान आंखों का मेकअप न करें। आंखों पर मेकअप करने से नुकसान हो सकता है। मेकअप के कारण पॉल्यूशन से आपकी आंखों में इरिटेशन हो सकती है जिसके कारण मेकअप और प्रदूषण आपकी आंखों को नुकसान भी पहुंचा सकता है।



## विचार प्रवाह

महावीर ने कहा द्वेष की तरह राग भी आग है। राग और द्वेष क्या है? इसे यों समझिए कि जब अपना बच्चा रोता है तो दिल में दर्द होता है यह राग है और जब दूसरे का बच्चा रोता है तो सिर में दर्द होता है यह द्वेष है। रागऔर द्वेष दोनों ही संसार के कारण हैं। फर्क इतना है कि द्वेष लोहे की बेड़ी है और राग सोने की। पर हैं तो दोनों की बेड़ियां, जो बंधन का काम करती हैं।

**-मुनिश्री तरुण सागर**

## शब्द पहेली - 7568

**बाएँ से दाएँ**

1.ईश्वर,भगवान-2
3.सुंदर,खूबसूरत-3
6.सलाह,मत-2
8.स्नान करना-3
10.वध करना-3
12.निर्माण-3
14.रुई का पौधा-3
17.आरोग्य-3
19.अंजाम देना-3
21.कत्ल,हत्या-2
23.नौकरानी-3
25.गाने का ढंग, शैली-2
26.मुलायम-3
28.एक गहरा व बड़ा बर्तन-3
30.तृतीय, दूसरे के बाद-3
32.सेनापति, अगुवा-3
35.भीरु,डरपोक-3
37.कथा,गाथा-3
39.वध,मर्डर-2
40.राहु का एक पुत्र-3
41.एक विदेशी शराब

**ऊपर से नीचे**

1.क्रिकेट में बनते हैं-2
2.बसंत का समय-3
4.हद,सरहद-2
5.स्वर्ग का विलोम-3
7.यमराज,मृत्यु देवता-2
9.नृत्य कला-3
11.अपवित्र-3
13.असफल-3
15.सहज, आसान-3
16.श्रावण, आषाढ़ के बाद का महीना-3
18.आराम, मदद, चैन-3
20.मुखिया, सरदार-3
22.भूमि, वसुंधरा-3
24.क्रुद्ध, खफा होना-3
27.मक्खन-3
29.योग्य, काबिल, गुणवान-3
31.दही का एक भोज्य पदार्थ-3
33.एक जाति जो प्राय: डोली ढोने, पानी भरने आदि के काम करती है-3
34.रास्ता, मार्ग-2
36.एक अंग्रेजी शराब-2
38.एक औषधीयुक्त पेड़-2

शब्द पहेली -7567 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

# सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएगी कांग्रेस

**भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर से शुरू हो रहा है। कांग्रेस विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भाजपा सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने को तैयार है। मंगलवार को कांग्रेस नेताओं ने इसके लिए एक सूचना पत्र विधानसभा के प्रमुख सचिव को सौंपा है। कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने बताया कि हमारा विपक्षी दल मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आएगा।**





शर्मा ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह के निर्देश के अनुसार मंगलवार को विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह को एक पत्र दिया है, जिसमें अविश्वास प्रस्ताव लाने का जिक्र किया है।

### चुनावी सीजन में कांग्रेस का दांव

गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए 1 साल से भी कम का समय बचा है। ऐसे में कांग्रेसी अब हर मुद्दे को भुनाने के मूड में हैं। मध्य प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर से शुरू हो रहा है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस इस सत्र को भुनाने का मन बना चुका है। ऐसे में कांग्रेस, भाजपा सरकार को कई मुद्दों को लेकर घेर सकती है। अविश्वास प्रस्ताव उसकी ही बानगी है।

### इसलिए आ रहा अविश्वास प्रस्ताव

पीसी शर्मा ने बताया कि पिछले 2 सालों से भाजपा ने किस तरह सरकार चलाई है, यह सभी ने देखा है। कैबिनेट जिस तरह से काम कर रही है, उससे स्पष्ट है कि जनता को अब सरकार पर विश्वास नहीं रहा। राज्य में सरकारी कर्मचारी, व्यापारी किसान, मजदूर, युवा सभी वर्ग परेशान हैं। इसीलिए कांग्रेस ने तय किया है कि सरकार और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएंगे। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इन अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए समय जरूर देंगे।

### इन मुद्दों पर घेरेगी कांग्रेस

कांग्रेस युवाओं के मुद्दों को सरकार को घेरेगी। प्रोफेशनल एग्जामिनेशन भर्ती बोर्ड की परीक्षाओं में भ्रष्टाचार, किसानों की कर्ज माफी में मनमानी, अन्य पिछड़ा वर्ग को 27त्न का आरक्षण ना देना, भ्रष्टाचार में घिरे अधिकारी, कर्मचारियों की की अभियोजन स्वीकृति न देना, जैसे कई मुद्दे अविश्वास प्रस्ताव में रखे जाएंगे।कांग्रेस शिवराज सरकार के खिलाफ प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रही है। इसको लेकर एमपी के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश ?वास सारंग ने नेता प्रतिपक्ष को चुनौती देते हुए कहा कि पहले वे अपने कांग्रेस विधायक दल के विश्वास मत में पास हो जाएं। मंत्री सारंग ने कहा कि क्या कांग्रेस का विधायक दल उन्हें नेता मानता है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह को चुनौती देते हुए कहा कि वे अपने विधायक दल में विश्वास प्रस्तुत करें, वे उसमें फेल हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि आप सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला रहे हैं तो आपको भी 15 महीने का हिसाब-किताब देना पड़ेगा जब आप मध्य प्रदेश में सरकार में थे।



Dorno Pic

# बादल और बारिश से एमपी में शीतलहर जैसी स्थिति

**भोपाल,यशभारत।** मंगलवार को भोपाल में दिन भर आसमान में बादलों का डेरा रहा है। बादलों ने दिन का तापमान बढ़ने नहीं दिया है। इसकी वजह से दिन और रात के तापमान में ज्यादा अंतर नहीं रहा है। भोपाल में बादल के साथ-साथ दिन में बारिश भी होती रही है। बारिश की वजह से दिन का तापमान बढ़ गया है। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है, जिससे पूरे राज्य में बादल छाए हुए हैं और बौछारें पड़ रही हैं। बौछारें कम से कम एक और दिन जारी रहेंगी। अधिकारियों ने कहा कि सिस्टम साफ होते ही रात का तापमान घटने लगेगा। अभी रात में तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक है।

**दिन और रात के तापमान में दो डिग्री का अंतर**

भोपाल में दिन का तापमान सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस कम रहा है। दिन में तापमान 18.9 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया है, जबकि न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया है। शहर में हवा की दिशा उत्तर की ओर थी और औसत हवा की गति दस किलोमीटर प्रति घंटा थी। दिन में जिन स्थानों पर सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक बारिश दर्ज की गई वे हैं- सागर में 13 मिमी, भोपाल में 1.9 मिमी, उज्जैन में 0.2 मिमी। रतलाम और मलंजखंड में हल्की बारिश दर्ज की गई है।

मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि बुधवार को भोपाल के आसमान में बादल छाए रहेंगे और बारिश की संभावना है। दिन और रात में 20-13 डिग्री सेल्सियस रहेगा, जबकि हवा की गति 14 किमी प्रति घंटा होगी। राज्य पूर्वानुमान के अनुसार मौसम विभाग के अधिकारियों ने होशंगाबाद और इंदौर संभाग सहित अन्य स्थानों और रायसेन, भोपाल, सीहोर, दमोह, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला और बालाघाट जिले में बारिश की संभावना जताई है। राज्य के अन्य स्थानों पर मौसम ठंडा और शुष्क रहेगा।

# प्रदेश के सरकारी स्कूलों में लगाई जाएंगी शिक्षकों की तस्वीरें

**भोपाल ,यशभारत।** मध्य प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में वहां पदस्थ प्राचार्य, उप प्राचार्य, शिक्षक और अन्य कर्मचारियों की तस्वीरें लगाई जाएंगी, ताकि कोई अपरिचित व्यक्ति शिक्षक बनकर स्कूल में प्रवेश न कर सके। साथ ही विद्यार्थी और अभिभावक प्रत्येक शिक्षक की पहचान सुनिश्चित कर सकें। इससे स्कूलों में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश तो रुकेगा ही, अपनी जगह किसी और को पढ़ाने भेजने वाले शिक्षकों का भी राजफाश हो सकेगा। प्रदेश में पहले ऐसे मामले सामने आते रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग एक-दो दिन में इसके आदेश जारी कर सकता है। विभाग के आला अधिकारियों के निर्णय अनुसार स्कूल में एक ऐसे स्थान पर सभी कर्मचारियों के फोटो लगाए जाएंगे, जहां सभी आसानी से उन्हें देख सकें। इसके अलावा जिस कक्षा में जो शिक्षक नियमित रूप से पढ़ाने जाते हैं। उस कक्ष में उनके फोटो, नाम और पदनाम सहित लगाए जाएंगे। ताकि प्रत्येक विद्यार्थी नाम एवं चेहरे से अपने शिक्षक को पहचान सके। अभिभावक-शिक्षक बैठक में आने वाले अभिभावक भी जान सकें कि उनके बच्चे को कौन शिक्षक पढ़ा रहा है। इससे शिक्षकों की जिम्मेदारी भी तय होगी, ताकि वे बेहतर पढ़ाएं। स्कूलों को ये तस्वीरें स्थानीय फंड से लगानी होंगी।उल्लेखनीय है कि जून, 2022 में हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में आयोजित मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी राज्यों से ऐसा करने को कहा था।



### शिक्षक के बदले पढ़ाते हैं अन्य लोग

मध्य प्रदेश में भी ऐसे मामले सामने आते रहे हैं। विदिशा जिले के गंजबासौदा में करीब 10 साल पहले संयुक्त संचालक की जांच में ऐसा मामला सामने आया था। इसमें शिक्षक स्कूल के नजदीक ही किराने की दुकान चला रहा था और एक अन्य व्यक्ति उनके नाम से स्कूल में पढ़ा रहा था। जिसके लिए शिक्षक उसे हर माह तय राशि दे रहा था। ऐसे और भी मामले बाद में पकड़े गए थे।

## कमल नाथ खिलाफ तो गोविंद सिंह समर्थन में उतरे

# राजा पटेरिया मामले में मप्र कांग्रेस के मतभेद हुए उजागर

**भोपाल ईएमएस। कार्यकर्ताओं से संविधान को बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हत्या के लिए तत्पर रहने के लिए कहने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री राजा पटेरिया को लेकर पार्टी के मतभेद सामने आ गए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ जहां उनके इस बयान को लेकर नाराज हैं। उनके निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पटेरिया को नोटिस देकर जवाब तलब कर लिया है। तीन दिन में यदि वे उत्तर नहीं देते हैं या वह संतोषप्रद नहीं पाया जाता है तो उनकी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया जा सकता है।**



उधर, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डा.गोविंद सिंह खुलकर बचाव में सामने आ गए हैं। उन्होंने कहा कि पटेरिया ने गलत नहीं कहा है। उनके कहने का मतलब मोदी को चुनाव हराना था। सरकार ने दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई की है, जिसका मैं विरोध करता हूं। डा.सिंह को मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का समर्थक माना जाता है। वे कई बार पार्टी लाइन से हटकर बयान देते आए हैं। पटेरिया के मामले में भी उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ और पार्टी के मत से अलग जाकर पटेरिया का समर्थन किया है। उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा कि पटेरिया ने गलत नहीं कहा। उनके कहने का गलत अर्थ निकाला गया। उन्होंने मोदी को चुनाव हराने के संदर्भ में बात कही थी, इंटरनेट मीडिया में प्रसारित वीडियो में भी स्पष्ट सुना जा सकता है। इसके बाद भी सरकार ने जिस दुर्भावनापूर्ण तरीके से कार्रवाई की और मंगलवार को सुबह गिरफ्तार कर लिया, इसका मैं विरोध करता हूं और पूरी ताकत से पटेरिया के साथ खड़ा हूं। अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ना मेरा काम है। उल्लेखनीय है कि पटेरिया दिग्विजय सरकार में मंत्री थे। उधर, प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी चंद्रप्रभाष शेखर ने राजा पटेरिया को नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है। इसमें कहा गया कि पवई में कार्यकर्ताओं की बैठक में प्रधानमंत्री के बारे में बहुत ही आपत्तिजनक और निंदनीय शब्दों का प्रयोग किया गया। यह अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है क्यों न आपको पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया जाए।

### सोनिया,राहुल सहित कांग्रेस नेता मौन क्यों

गृह मंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री की हत्या करने संबंधी बयान से जुड़ा मामला है, लेकिन कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे मौन हैं। अभी तक इस गंभीर मामले में कोई बयान तक सामने नहीं आया है। पटेरिया ने स्पष्टीकरण में कहा कि मेरा मतलब चुनाव हराने से है, अब हिंदी के शब्दकोष में हत्या का मतलब हार से कहीं भी नहीं है, लेकिन कांग्रेस भी शब्द गढ़ती है। प्रदेश कांग्रेस कमल नाथ ने भी जो सशर्त खेद व्यक्त किया है। यह तो वैसी ही बात है कि आप अपराध की तो निंदा करते हैं और अपराधी को शरण देते हैं। नेता प्रतिपक्ष के पटेरिया के समर्थन में आने पर उन्होंने वे पहले यह बताएं कि हत्या का मतलब चुनाव में हराना कैसे होता है। वे अपराधी को प्रश्रय देने का काम कर रहे हैं। उन्हें तो निंदा करनी चाहिए पर वे समर्थन कर रहे हैं। यह निंदनीय है। उन्होंने ऐसा करने पार्टी नेतृत्व ने कहा होगा।



# पियरसन (Pearson) अंडर ग्रेजुएट एंट्रेंस परीक्षा 2023 के लिए रजिस्ट्रेशन पोर्टल खुला

**भोपाल, यशभारत।** कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में विश्वस्तर पर अग्रणी कंपनी पियरसन व्यू ने घोषणा की है कि देश भर में 2023 'पियरसन अंडरग्रेजुएट एंट्रेंस परीक्षा' के लिए रजिस्ट्रेशन विंडो खुल चुकी है और 31 जुलाई 2023 तक रजिस्ट्रेशन स्वीकार किए जाएंगे। पियरसन व्यू के क्वांटिटेटिव, वर्बल एवं एब्सट्रैक्ट रीनिंग टेस्ट के स्कोर को अब देश भर में 160 से अधिक युनिवर्सिटियों (जनरल प्रोग्राम) एवं 120 युनिवर्सिटियों (इंजीनियरिंग प्रोग्राम) में स्वीकार किया जाता है। ÒPearson अंडरग्रेजुएट एंट्रेंस परीक्षा' की शुरूआत जनवरी 2021 में हुई थी, छात्रों में छिपी प्रतिभा को पहचानना और उसी आधार पर उन्हें भारत की अग्रणी युनिवर्सिटियों में प्रवेश हासिल करने में मदद करना इसका मुख्य उद्देश्य है। भारत में पढ़ने की इच्छा रखने वाले विदेशी छात्र भी इस एंट्रेंस परीक्षा में हिस्सा ले सकते हैं। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को समर्थन देने और छात्रों की मूल अवधारणाओं में सुधार लाने के दृष्टिकोण से डिजाइन की गई पियरसन अंडरग्रेजुएट एंट्रेंस परीक्षा (जिसमें किसी विशेष विषय में विशेष ज्ञान की जरूरत नहीं होती) कई युनिवर्सिटियों के प्रवेश विभागों में तेजी से लोकप्रिय हो रही है। सूरज पुरावंकारा, सीनियर मार्केटिंग मैनेजर (एशिया पेसिफिक), पियरसन व्यू ने कहा, ''पिछले साल के दौरान कई और युनिवर्सिटियों ने अपनी चुनाव प्रक्रिया के लिए पियरसन अंडरग्रेजुएट एंट्रेंस परीक्षा' को मान्यता दी है। एक साल के अंदर 110 से अधिक अतिरिक्त युनिवर्सिटियों ने इस परीक्षा को अपनी चुनाव प्रक्रिया में शामिल किया है। परीक्षा के लिए तेजी से बढ़ती लोकप्रियता इस बात की पुष्टि करती है कि किस तरह हमारी जनरल एवं इंजीरियरिंग परीक्षाएं युनिवर्सिटियों को लाभान्वित कर रही हैं और उन्हें सर्वश्रेष्ठ उम्मीदावारों के साथ जोड़ने में कारगर साबित हो रही हैं।' 'साल-दर-साल हमारे साथ जुड़ने वाले और 'Pearson अंडरग्रेजुएट एंट्रेंस परीक्षा' देने वाले छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हमारी परीक्षा प्रक्रिया छात्रों के लिए बेहद सुविधाजनक होती है, इसकी मदद से वे अपनी पसंद की युनिवर्सिटी को चुन सकते हैं। उम्मीदवार अपनी सुविधानुसार पियरसन व्यू के ऑथोराइज़्ड टेस्ट सेंटर पर परीक्षा दे सकते हैं या चाहें तो पियरसन वीयूई के ऑनलाईन प्रॉक्टरिंग समाधान के माध्यम से घर से भी परीक्षा दे सकते हैं।' पुरावंकारा ने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा।

## निगम-मंडलों में हो सकती है नियुक्तियां

# मुख्यमंत्री के साथ भाजपा नेताओं ने की बैठक

**भोपाल,ईएमएस। विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा कुछ नेताओं को निगम-मंडल में नियुक्तियां देने पर विचार कर रही है। इसमें दोनों तरह के उन नेताओं के नाम शामिल किए गए हैं, जिन्हें पार्टी चुनाव लड़वाना चाहती है अथवा उन्हें टिकट देने के बजाए मंत्री दर्जा देकर सरकार में भागीदारी देना चाह रही है।**

इसके साथ ही कई अन्य मसलों को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा , प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एकसाथ बैठे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने इस बैठक के लिए अपना दो बजे तक का समय आरक्षित कर रखा था। इसके बाद वे हरदा के लिए रवाना हो गए। इन नेताओं ने सोमवार को भी कई घंटे मंथन किया था। पार्टी के वरिष्ठ नेता दोपहर बाद भोपाल से रवाना भी हो गए। पार्टी सूत्रों के मुताबिक भाजपा की सरकार में ग्वालियर-चंबल के ज्यादा वजनदार होने के कारण प्रदेश के कई अन्य क्षेत्रों का भौगोलिक और जातिगत समीकरण गड़बड़ा गया है। पार्टी इसके लिए चिंतित है। यही वजह है कि पार्टी निगम-मंडल के जरिए कुछ नेताओं को मंत्री दर्जा देकर संतुलन बनाने की तैयारी में है। इसी रणनीति के चलते भाजपा नेताओं और मुख्यमंत्री के बीच चर्चा हुई है।



# बिल्डर ने 19 लाख रुपये वसूलने के बाद फ्लैट दूसरे को बेचा

भोपाल यशभारत। कोलार स्थित गेहूंखेड़ा में एक बिल्डर ने घर खरीदने गए युवक को फ्लैट दिखाने के बाद उसके नाम पर लोन करा दिया। इस राशि को बिल्डर ने अपने खाते में जमा करवा ली। लेकिन पैसा मिलने के बाद इस फ्लैट को दूसरे ग्राहक को बेच दिया। जब पीड़ित व्यक्ति रजिस्ट्री कराने पहुंचा तो उसे असलियत मालूम हुई। इसके बाद उसने इसकी शिकायत मंगलवार को कलेक्टर में हुई जनसुनवाई में की है। शिकायत मिलने पर डिप्टी कलेक्टर अंकिता त्रिपाठी ने इस मामले की जांच पुलिस को सौंप दी है।पीि?त ने बताया कि उसने 2013 में जेके फंफाकॉन बिल्डर्स के पार्टनर रमेश कुशवाह से एक फ्लैट सिद्धार्थ टावर गेहूंखेड़ा कोलार रोड पर 19 लाख 50 हजार रुपए में लिया था। इसके लिए सेंट्रल मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा बरागढ़ चीचली कोलार रोड से 17 लाख 50 हजार रुपए का लोन भी करा दिया। बावजूद इसके फ्लैट की रजिस्ट्री मेरे नाम नहीं कराई गई। इसके साथ बिल्डर ने इस फ्लैट का अनुबंध मौसमी चटर्जी के नाम भी कर दिया है। इनके नाम रजिस्ट्री भी करा दी गई है। छह साल गुजर जाने के बाद भी बिल्डर लोन की राशि भी वापस नहीं कर रहा है। लोन लेने की वजह से बैंक मैनेजर मनोज चुघ द्वारा धमकियां दी जा रही है। वहीं, फौरन यादव पिता भंवर सिंह निवासी परसोरिया बरसिया ने शिकायत की है कि ग्राम रोजगार सहायक कमलेश गुप्ता ने फर्जी तरीके से एसबीआई का अकाउंट खुलवाया है।

## मामूली विवाद में छोटे भाई ने बड़े पर किया कैंची से जानलेवा हमला

भोपाल यशभारत। राजधानी के हनुमानगंज थाना क्षेत्र में रुपयों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई पर कैंची से ताबड़तोड़ वार कर दिए। पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप में छोटे भाई को गिरफ्तार कर लिया है।हनुमानगंज थाने के एसआइ पवन सेन ने बताया कि ईशाक, सरफराज, सद्दाम और अमजद चारों सगे भाई फूटा मकबरा क्षेत्र में रहते हैं। सभी कबाड़खाने में काम करते हैं। इनमें से ईशाक और सरफराज एक साथ रहते हैं। उनके घर से कुछ दूर पर सद्दाम और अमजद एक साथ रहते हैं। ईशाक सबसे बड़ा है, जबकि अमजद सबसे छोटा भाई है। सोमवार रात करीब 10 बजे सद्दाम ने अमजद से बोला कि तुम खर्चा बराबर करते हो, लेकिन घर का सारा सामान मुझे लाना पड़ता है। इसी मुद्दे को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया।

# रीवा में बनेगा एयरपोर्ट, 99 एकड़ भूमि अधिग्रहित की जाएगी

**भोपाल ईएमएस।** अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए सरकार ने विंध्य क्षेत्र की उपेक्षा और नाराजगी को दूर करने की कोशिश शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई कैबिनेट बैठक में रीवा में एयरपोर्ट बनाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए 99 एकड़ भूमि अधिग्रहित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि विंध्य क्षेत्र को मंत्रिमंडल में पर्याप्त प्रतिनिधित्व अभी तक नहीं मिला है, जिसे लेकर नेताओं की नाराजगी सामने आती रहती है। उधर, प्रदेश में हुक्का बार लाउंज पर प्रतिबंध लगाने के लिए प्रस्तावित विधेयक का अनुमोदन भी किया गया। इसे अब गृह विभाग राष्ट्रपति की अनुमति के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजेगा। इसमें नियम का उल्लंघन करने पर तीन वर्ष के कारावास और एक लाख रुपये के अर्थदंड का प्रविधान किया गया है। बैठक में एक लाख रिक्त पदों पर भर्ती के लिए की जा रही प्रक्रिया को लेकर जानकारी दी गई। गृह मंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि 29 हजार शिक्षक, छह हजार पुलिसकर्मी की प्रक्रिया चल रही है। 888 हजार 750 रिक्त पदों के लिए प्रक्रिया पूर्णता की ओर है। 15 अगस्त तक एक लाख रोजगार देने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसे पूरा किया जाएगा।प्रदेश के सभी मंत्री 26 जनवरी को भोपाल में विभिन्न विषयों को लेकर मंथन करेंगे।



### हुक्का बार लाउंज पर प्रतिबंध के लिए विधेयक का अनुमोदन

क्षमता निर्माण आयोग के विशेषज्ञों के साथ बैठक होगी। इसमें मंत्रियों के छह समूह बनाए जाएंगे, जो विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे और मुख्यमंत्री के सामने उनका प्रस्तुतीकरण होगा। यह बैठक दो बार से टल रही थी। मुख्यमंत्री ने बैठक में बताया कि 13 जनवरी को प्रदेश की युवा नीति घोषित की जाएगी। इसके लिए कालेजों में बाक्स लगाए जाएंगे, जिसमें युवा रोजगार, खेलकूद सहित अन्य विषयों को लेकर सुझाव देंगे।बैठक में अनुसूचित जाति-जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के बाद विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू वर्ग के लिए स्वरोजगार योजना को मंजूरी दी गई। इसमें एक लाख रुपये तक स्वरोजगार के लिए व्यक्तिगत ऋ़ण दिलाया जाएगा।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव में मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ का मामला

# स्टाक में मिलीं थीं एक्सपायरी दवाएं कार्रवाई के आदेश को नहीं मान रहे बीएमओ

**गोटेगांव, यशभारत** सरकारी अस्पतालों को समुन्नत करने की मंशा कागजी ही साबित हो रही है। चिकित्सकों-स्वास्थ्य अमले का अभाव बना हुआ ही है, जो तैनात हैं वे भी सिर्फ औपचारिक सेवाएं दे रहे हैं। निगरानी-निरीक्षण भी नाममात्र का ही होता है। हालात इस कदर बिगड़े हुए हैं कि यदि राज्यस्तर के अधिकारी कोई आदेश दे दें तो उसका पालन तक स्वास्थ्य अधिकारी नहीं कर रहे हैं। इसका उदाहरण बीते दिवस तब देखने मिला था जब निरीक्षण करने पहुंची राज्यस्तरीय लक्ष्य टीम ने गोटेगांव के सामुदायिक अस्पताल के स्टाक में एक्सपायरी डेट की दवाएं देखीं। टीम सदस्यों ने इसे मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ माना। तत्काल प्रभार से स्टाफ नर्स को अन्यत्र पदस्थ करने के आदेश जारी किए थे। इस पर बीएमओ ने तत्काल हामी तो भर दी, दिखावे के लिए केंद्र से पदमुक्त भी कर दिया, लेकिन दल के जाते ही सब कुछ पहले जैसा हो गया।




### क्या है मामला

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव में लक्ष्य कार्यक्रम के तहत भोपाल से आए दल ने बीती 2 दिसंबर को निरीक्षण किया था। इस दौरान इंजेक्शन कक्ष में दल को कई अनियमितताएं मिलीं। जहां पर एक्सपायरी दवाएं तक मिलीं। जानकारी के अनुसार दल सदस्यों ने इस लापरवाही के लिए वहां की प्रभारी स्टाफ नर्स को जमकर फटकार भी लगाई। स्वास्थ्य अमले से टीम ये कहने से भी नहीं चूकी कि आप लोग मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि अगर किसी मरीज को गलती से यह दवा दे दी तो क्या हो सकता है। राज्यस्तरीय दल ने तत्काल जिले के स्वास्थ्य विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद स्टाफ नर्स शर्मिला सूर्यवंशी को बिना देरी किए गोटेगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से हटाकर बरहटा भेजने का फरमान जारी कर दिया गया। बीएमओ डा. धुर्वे ने तत्काल स्टाफ नर्स को बरहटा के लिए गोटेगांव अस्पताल से पदमुक्त कर दिया। वहीं एक अन्य स्टाफ नर्स को भी गोटेगांव से हटाकर अन्यत्र भेज दिया गया।

### ये भी मिली खामियां

बताया जा रहा है कि राज्यस्तरीय दल जब जांच कर रहा था तब उनके संज्ञान में ये बात भी आई कि उप स्वास्थ्य केंद्र बरहटा में पदस्थ स्थाईकर्मी से गोटेगांव के उपस्वास्थ्य केंद्र में काम लिया जा रहा है। इसी दौरान श्रीनगर गांव के लोगों ने भी मांग के साथ शिकायत कर दी कि उपस्वास्थ्य केंद्र में वरिष्ठ स्टाफ नर्स न होने के कारण उप स्वास्थ्य केंद्र श्रीनगर में सुरक्षित प्रसव नहीं हो रहे हैं। मरीजों को गोटेगांव रेफर किया जाता है। उप वास्थ्य केंद्र श्रीनगर में गर्भवती महिलाओं को परेशानी न हो, जिसके लिए बीएमओ ने स्टाफ नर्स मंजू पटेल को रिलीव कर दिया।

### आदेश का पालन नहीं

जानकारी के अनुसार राज्यस्तरीय लक्ष्य टीम के आदेश के तहत स्टाफ नर्स शर्मिला सूर्यवंशी को बरहटा उप स्वास्थ्य केंद्र में 6 दिसंबर तक ज्वाइनिंग देनी थी, जो कि उन्होंने आज तक नहीं दी है। वे बाकायदा अभी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपनी सेवाएं दे रहीं हैं। इसी तरह श्रीनगर उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए रिलीव की गई स्टाफ नर्स मंजू पटेल भी आदेश का पालन नहीं कर रहीं हैं। अस्पताल सूत्रों का कहना है कि दरअसल, इस तरह की अराजकता बीएमओ द्वारा अस्पताल की ओर ध्यान नहीं देने के कारण पैदा हो रही हैं। यहां पदस्थ कर्मचारी अपनी मनमर्जी चलाते हैं, जिसके आगे बीएमओ विवश हैं।

### इनका कहना है

भोपाल की टीम ने एक्सपायरी डेट की दवा बरामद की थी। जिसके चलते स्टाफ नर्स शर्मिला सूर्यवंशी को बरहटा उप स्वास्थ्य केंद्र में अटैच किया गया था। यदि वे आदेश नहीं मान रहीं हैं तो अटैचमेंट तिथि से लेकर जब तक वे बरहटा नहीं पहुंचेंगी, तब तक के वेतन की कटौती होगी। स्टाफ नर्स मंजू पटेल को हमने उनकी मूल पदस्थापना की जगह रिलीव किया है, उन्होंने ज्वाइनिंग भी दे दी है। यदि ऐसा नहीं है तो उनके विरुद्ध भी वेतन काटने संबंधी आदेश लागू होंगे।

**डॉ. एसके धुर्वे, बीएमओ, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव।**

# क्षेत्रीय विधायक ने किया पानी की टंकी का भूमि पूजन

**कुंडम, यशभारत।** टंकी निर्माण का जल योजना के तहत क्षेत्रीय विधायक श्रीमती नंदनी मरावी द्वारा टंकी निर्माण का भूमि पूजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे ग्राम पंचायत सरपंच सुरेश परस्ते ने बताया क्षेत्रीय विधायक श्रीमती नंदनी मरावी द्वारा पानी की जटिल समस्या को देखते हुए नल जल योजना का शुभारंभ किया गया जिसमें एक टंकी निर्माण किया जाना है उसका भूमि पूजन आज क्षेत्रीय विधायक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष वरकड़े द्वारा किया गया कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि कमलेश साहू जनपद अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह धुर्वे जनपद उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ठाकुर रमेश विश्वकर्मा सुरेश जायसवाल ग्राम पंचायत सचिव जहीर खान देव सिंह मरावी दिलीप सिंह मरावी शाहिद ठेकेदार किशन पटेल उपस्थित रहे।



## महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष से प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात



**गाडरवारा(यश भारत)**विगत दिवस नगर परिषद चीचली के एक प्रतिनिधि मंडल ने महाराणा प्रताप महाविद्यालय गाडरवारा जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन से सौजन्य भेंट कर नगर परिषद चीचली में शासन द्वारा कॉलेज स्वीकृत हो जाने के बाद भी कक्षा संचालित नहीं होने पर चर्चा करते हुए शीघ्र कॉलेज प्रारंभ कराने की बात रखी। अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन ने आश्वासन देते हुए कहा कि शीघ्र ही इस मांग को पूरा कराया जाएगा । महाराणा प्रताप शासकीय महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन का प्रतिनिधि मंडल ने फूल माला से स्वागत किया । इस अवसर पर पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश मरैया, डॉ चन्द्रकान्त गुप्ता, के एल साहू, बसंत ताम्रकार, शंकर ताम्रकार हरिप्रताप ममार, जगेश्वर भानु प्रताप प्रजापति, गुड्डु बड़ारिया, संजू अहिरवार बाबू लाल मेहरा, रणजीत कौरव सहित वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित थे ।

# 25 को कलचुरी समाज का परिचय सम्मेलन

**जबलपुर, यशभारत।** कलचुरी समाज का विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन आगामी 25 दिसंबर कलचुरी समाज भवन स्नेह नगर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक विगत दिवस कलचुरी महासभा जबलपुर के अध्यक्ष मनोहर चौकसे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। श्री चौकसे ने अभी तक किए गए कार्य की जानकारी दी एवं शेष कार्यों के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए। महामंत्री इंजीनियर बीडी राय ने बताया कि समाज की कलचुरी गौरव पत्रिका में आगामी 15 दिसंबर तक ही बायोडाटा लिए जाएंगे।




सरंक्षक डॉ आरएल शिवहरे,राजेश जायसवाल, जेपी शिवहरे, जीएस चौकसे, डॉ व्हीके गुप्ता, उपाध्यक्ष शैलेंद्र महाजन महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती रेखा चौकसे, संरक्षक श्रीमती मीना शिवहरे, श्रीमती प्रमिला राय, राजेश जायसवाल पप्पू, केएस राय, संजय जायसवाल, संजय शिवहरे, राजीव चौकसे, मनीष चौकसे, कौशलेंद्र महाजन, संदीप चौकसे, देवेंद्र चौकसे, गोविंद चौकसे, सतगुरु राय, आरसी राय, जेपी राय, नरेंद्र कुमार चौकसे, राकेश कुमार चौकसे, संजीव चौकसे, दिनेश शिवहरे, धर्मेंद्र राय, रामगोपाल चौकसे, रामस्वरूप राय, विनीत जायसवाल, विनोद जायसवाल, गोविंद राय, राहुल जायसवाल, अजय कुमार राय, आदित्य राय, गणेश प्रसाद शिवहरे, महेश कुमार चौकसे, एसएनएस राय, बृजमोहन चौकसे, राजेश कुमार चौकसे, अशोक राय, नारायण प्रसाद चौकसे, श्रीमती सुषमा जायसवाल, श्रीमती किरण चौकसे, एडवोकेट विजयलक्ष्मी जायसवाल, स्नेहिल राय, मधु चौकसे, नेकी शिवहरे आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## सायबर क्राईम से सावधान

**पाटन, यशभारत।** शोभा सिंह यादव शासकीय महाविद्यालय पाटन में दिनांक 12/12/2022 को रा.से.यो. के द्वारा सायबर क्राईम से सावधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता शर्मा के द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निरीक्षक शवना परवीन एवं उनकी टीम नितिन जोशी, सौरभ शुक्ला, अभिदीप भट्टाचार्य सर्विर शाखा जबलपुर तथा स्द्ध संतोष ठाकुर, प्रधान आरक्षक दीपचंद्र एवं महिला आरक्षक रानी पाटन थाना से उपस्थित रहें। कार्यक्रम में महिलाओं हेतु साइबर अपराध से बचने के उपाय तथा सोशल मीडिया से संबंधित क्राईम से बचाने के उपाय तथा जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री कृष्ण कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालयीन परिवार शामिल रहा। इस कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डॉ. बाज़गा अतहर ने किया।

# मांगों पर शीघ्र निर्णय ले सरकार : पाठक




**सिहोरा, यशभारत।** प्रांतीय निकाय के आह्वान पर शिक्षकों की विभिन्न मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री एंव मुख्य सचिव के नाम समग्र शिक्षक संघ संभाग जबलपुर के तत्वावधान में कमिश्नर को ज्ञापन सौपा। जिसमें संघ के प्रांतीय सचिव राकेश पाठक ने कहा की प्रदेश सरकार कर्मचारियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए सभी मांगों पर शीघ्र निर्णय ले जिससे कर्मचारियों को राहत मिल सके। ज्ञापन में कहा गया है की मुख्यमंत्री द्वारा नसरुल्लागंज में की गई घोषणा का क्रियान्वयन करते हु स्कूल शिक्षा एंव आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत कार्यरत सहायक शिक्षकों उच्च श्रेणी शिक्षकों प्रधान पाठकों तथा व्याख्याताओं को प्राप्त वेतमान के अनुरुप पदोन्नति पदनाम का लाभ दिया जाए, तृतीय वेतमान की विसंगति दूर करते हुए 30 वर्ष की सेवा पर सहायक शिक्षकों को क्रमशः 4200 के स्थान पर 5400 तथा व्याख्याताओं को 6600 के स्थान पर 7600 का लाभ देय तिथि से दिया जाए, अन्य विभागों के कर्मचारियों की भांति शिक्षकों को भी सेवाकाल में न्यूनतम 300 दिवस के अर्जित अवकाश के नगदीकरण का लाभ दिया जाए, वर्षों से नियुक्ति की आस में भटक रहे प्रदेश के दिवंगत शिक्षकों के आश्रित परिजनों को बिना शर्त अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने सहित अनेक मांगे शामिल थी। ज्ञापन सौपते समय समग्र शिक्षक के प्रांतीय महामंत्री नरेद्र दुबे, प्रांतीय सचिव राकेश पाठक ,जिलाध्यक्ष कटनी सुरेन्द्र तिवारी, जिलाध्यक्ष जबलपुर मनीष जैन, प्रहलाद नायक ,हेमंत श्रीवास्तव मंडला, डिंडोरी से श्री परस्ते, आर आर झारिया, राम कृपाल पटेल, ढीमरखेड़ा सेबृजेन्द्र बाजपेयी, हमीद मंसूरी, ,दिलीप सैयाम, परसराम तंतवाय, विंधेश द्विवेदी, आर के दुबे, सुशील त्रिपाठी, दीपक गोटिया, धर्म पाल पटेल, यज्ञदत्त शुक्ला, राज कुमार पटेल, बबिता कोल, रामकेश पटेल, गोपाल प्रसाद, लक्ष्मी प्रसाद झारिया, लक्ष्मण सिंह धुर्वे, ओमप्रकाश दाहिया, प्रदीप राय, राजेश नेमा, जीवेश मिश्रा, सदन दाहिया, नर्मदा झारिया सहित अनेक शिक्षक उपस्थिति रहे।

# शटल एवं फ़ास्ट पैसेंजर चलाने की मांग

**गोटेगांव, यशभारत।** नगर में वर्तमान समय एवं यात्रियों के दबाव के चलते जनता ने भारत सरकार रेल मंत्रालय से फास्ट पैसेंजर एवं शटल गाड़ी पुनः चालू करने की मांग की है स्मरण हो की कोरोना कॉल के चलते शटल गाड़ी एवं फ़ास्ट पैसेंजर गाडी को आगामी आदेश तक के लिए बंद कर दिया गया था जो अभी तक बहाल नहीं हो पाई है इसके बदले चार डब्बे की मेमू ट्रेन चलाना कहां तक उचित है इसका जवाब आगामी चुनाव में भारत की जनता जरूर देगी यह जनता अभी से मन बनाने लगी है कि यदि उक्त गाड़ियां पुनः पटरी पर नहीं आती है तो इसका करारा जवाब राजनैतिक दलों को दिया जाएगा पांच डब्बों की मेमू ट्रैन जिसमें यात्रियों के लिए कोई सुविधा भी नहीं है और किराया भी डबल लिया जा रहा है जिससे यात्रियों के साथ और अप डाउन करने वाले यात्रियों के साथ छलावा किया जा रहा है साथ ही साथ श्रीधाम स्टेशन पर डिस्प्ले बोर्ड की भी आवश्यकता महसूस की जा रही है परंतु रेल विभाग उदासीन बना हुआ है केंद्र सरकार की क्या मंशा है यह जनता जनार्दन की समझ से पर यह है जनता की मांग है कि शटल गाड़ी एवं फास्ट पैसेंजर अति शीघ्र अति शीघ्र चलाई जाए और मेमू को बंद किया जाए। जिससे अप डाउन करने वाले गरीबों की रोजी रोटी चल सके सनद रहे की हजारों की तादाद में गरीब व्यक्ति उक्त ट्रेनों से अप डाउन कर अपने काम धंधे की तलाश में शहरों में जाकर अपना उदर पोषण करता था जो अब उक्त ट्रेनों की बंद हो जाने के कारण गरीबों को अपनी गरीबी पुनः याद आने लगी है गरीब जनता अपने परेशानी के कारण आगामी चुनावों में मन बना चुकी है कि यदि सटल गाड़ी और फास्ट पैसेंजर यह तो ट्रेन है यदि चालू नहीं होती हैं तो जनता कुछ भी कर सकती है राजनीतिक दलों को अभी भी समय रहते सचेत हो जाना चाहिए जिससे गरीब जनता परेशान ना हो। शीघ्र ही डिस्प्ले बोर्ड भी लगाया जाने चाहिए ऐसी जनता जनार्दन ने मांग की है।इस ट्रेन में यात्री बहुत परेशानी झेल रहे हैं अच्छा होता यदि शटल और फास्ट पैसेंजर गाड़ियां चलने लगती तो रेल विभाग को राजस्व प्राप्त होता और यात्रियों की समस्याएं भी समाप्त होती परंतु रेल विभाग उदासीन बना हुआ है इस कारण मेमू ट्रेन में सफर कर रहे यात्री बहुत परेशान हो रहे हैं महज चार डिब्बों की गाड़ी मैं कितनी सवारी बनेगी यह रेल विभाग को विचार करना था बिना विचार किए हुए उक्त गाड़ी चलाने से सफर कर रही जनता परेशान हो रही है विशेषकर महिलाएं और बच्चे भी उक्त गाली में परेशान हो रहे हैं मेमू पैसेंजर तो है परंतु किराया एक्सप्रेस का लिया जा रहा है समय रहते हुए सटल और फास्ट पैसेंजर यदि नहीं चलाई गई तो आक्रोशित जनता आने वाले समय में इसका जवाब अवश्य देगी ऐसा जनता मन बना चुकी है।

# सड़क पर घण्टों चारपहिया वाहन खड़े रहने से लगता है जाम



**गोटेगांव, यशभारत।** गोटेगांव शहर के मुख्य मार्ग पर चार पहिया वाहन घंटों से खड़े रहने के कारण आए दिन जाम लगता रहता है नगर में यह जाम लगने की बात अब आम हो गई है चाहे जब जाम लग जाता है अनियंत्रित तरीके से ट्रैफिक व्यवस्था चल रही है कहीं भी कोई भी साहेब अपनी चार पहिया वाहन खड़ी करके शॉपिंग में लग जाते हैं या फिर यहां वहां हो जाते हैं जिस कारण दूसरे वाहन जो इस मार्ग से निकलते हैं उन्हें भारी मशक्कत करनी पड़ती है बाईपास बनने से भी नगर में यातायात व्यवस्था पर कोई फर्क नहीं पड़ा है भारी वाहनों का निकलना मुख्य मार्ग से बदस्तूर जारी है यहां पर कोई कानून व्यवस्था बची ही नहीं है चाहे जब मुख्य मार्ग पर यातायात अवरुद्ध हो जाता है जिस कारण से मरीजों की इलाज के लिए जाने वाली एंबुलेंस भी रुक जाती है इस पर भी शासन का ध्यान कभी इस ओर आकृष्ट ही नहीं हुआ है भारी वाहनों की धमाचौकड़ी बाईपास से ना होकर मुख्य मार्ग से निकलती है जिस कारण दोपहिया चार पहिया और बड़े बड़े वाहन इस सड़क पर जाम लगाते हुए नजर आते हैं यदि भारी-भरकम शहर में अनुपयोगी कार्य से आने वाले वाहन बाईपास से निकलने लगे तो नगर में मुख्य मार्ग पर कुछ जवाब कम हो सकता है और तो और इस नगर में ट्रैफिक व्यवस्था भी नहीं है यहां पर ज्यादा यातायात का दबाव रहता हो वहां पर ट्रैफिक व्यवस्था भी होनी चाहिए नगरवासी और मुख्य बाजार वासी एवं दुकानदार तथा पैदल चलते राहगीर भी इस जाम से परेशान होने लगे हैं फिर भी शासन की कानों में जूं नहीं रेंग रही है नगर वासियों ने नगर के मुख्य मार्ग को जाम से निजात दिलाने की मांग की है।यातायात पुलिस की व्यवस्था नहीं होने से नगर की जनता यातायात जाम और अवरुद्ध होने का खामियाजा भुगत रही है इस पर सड़क भी कंडम होती जा रही हैं।भारी भरकम वाहनों का नगर में प्रवेश रोका जाए यह भी एक समस्या बनी है।

## टीकाराम पटेल नही रहे

**गोटेगांव, यशभारत।** नगर के बोस वार्ड निवासी टीकाराम पटेल का विगत दिवस लगभग 55 वर्ष की आयु में दिल का दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन हो गया।आप सहज,सरल,मिलनसारिता के धनी थे।आपके असमय जाने से समूचा परिवार और आपके मित्र शोक विव्हल हो गए।स्व.टीकाराम पटेल नगर में चैन बाबू के नाम से प्रसिद्ध थे।आपकी अंतिम यात्रा निज निवास से मुक्तिधाम ले जाई गई जहां पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# जिला व सत्र न्यायाधीश जबलपुर द्वारा जीआरपी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

**जबलपुर यशभारत।** शासकीय रेल पुलिस म.प्र. के थाना प्रभारियों / कोर्ट मुंशी/ कोर्ट मोहर्रिर एवं पुलिस अधीक्षक रेल कार्यालय की अभियोजन शाखा में पदस्थ अधिकारी/ कर्मचारियों के 3 दिवसीय प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जबलपुर एन. के सक्सेना के द्वारा रेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय जबलपुर के सभागार में पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर विनायक वर्मा अति. पुलिस अधीक्षक रेल प्रतिमा पटैल तथा सहायक अभियोजन अधिकारी राजकुमारी पचौरी की उपस्थिति में किया गया । शासकीय रेल पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में रेल पुलिस ईकाई जबलपुर , भोपाल एवं इंदौर के थानो में पदस्थ थाना प्रभारी एवं अभियोजन कार्य में लगे प्रधान आरक्षक / आरक्षक भाग ले रहे हैं । सरस्वती पूजन उपरांत प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये मुख्य अतिथि एन. के सक्सेना ,प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जबलपुर द्वारा अपने उदबोधन में प्रशिक्षणार्थियों को आपराधिक प्रकरणों के पंजीयन से लेकर न्यायालय द्वारा निराकरण कराये जाने तक विवेचना की बारीकियों तथा अभियोजन कार्यवाही के सफल संचालन के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया । उल्लेखनीय हैं कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को शासकीय रेल पुलिस म.प्र. के वरिष्ठ अधिकारियों तथा अभियोजन शाखा से जुडे अधिकारियों द्वारा अभियोजन कार्यवाही के बारे में अवगत कराया जावेगा । उदघाटन सत्र के अंत में पुलिस अधीक्षक रेल विनायक वर्मा द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री एन. के. सक्सेना प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जबलपुर का आभार व्यक्त किया गया कार्यक्रम का संचालन थाना प्रभारी जी.आर.पी. जबलपुर सुनील नेमा द्वारा किया गया ।



### जीआरपी के प्रशिक्षण में दी जा रही अनेक जानकारियां

रेल पुलिस अधीक्षक जबलपुर कार्यालय में चल रहे अभियोजन संबंधी प्रशिक्षण के संबंध में उप पुलिस अधीक्षक रेल आरके गौतम के द्वारा बताया गया की, प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रातः पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर विनायक वर्मा (भापुसे) के द्वारा अभियोजन शाखा में रखे जाने वाले रजिस्टर और उनका संधारण किस तरीके से किया जाए तथा निर्णय उपरांत की जाने वाली प्रविष्टियां आदि विषयों पर प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया। दोपहर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल इंदौर राकेश खाखा के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग और आपराधिक प्रकरणों में होने वाली त्रुटियों को रोकने के संबंध में बताया । इंदौर से ही सहायक लोक अभियोजन अधिकारी रेल, मौसमी तिवारी के द्वारा एनडीपीएस एक्ट के प्रावधान और विवेचना में सामान्यतः जो त्रुटियां हो जाती हैं उन्हें भविष्य में सुधारा जाए तथा प्रकरण में विवेचना के ऐसे महत्वपूर्ण साक्ष्य जिससे माननीय न्यायालय में आरोपी दोषमुक्त ना हो सके, जैसे बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इस प्रशिक्षण में उप निरीक्षक, निरीक्षक एवं उपपुलिस स्तर के अधिकारी प्रतिभागी हैं।

## आज गरीब रथ में लगेगा थर्ड एसी का 1 अतिरिक्त कोच

**जबलपुर यशभारत।** रेल प्रशासन के द्वारा यात्रियों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया जाता है। इसी तारतम्य में गाड़ी संख्या 12187 जबलपुर-मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस गरीब रथ एक्सप्रेस में दिनांक 14 दिसंबर 2022 को एक वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का कोच लगाया जा रहा है।

# अंतत : शासकीय रास्ते से हटाया गया अतिक्रमण

**नरसिंहपुर यभाप्र।** एक तरफ जहाँ शिवराज सरकार आदिवासियों के उत्थान की दिशा में नित नई नई घोषणायें कर आदिवासी वर्ग को साधने में लगी हुई है, वहीं दूसरी तरफ चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम मदनपुर ग्राम पंचायत के ग्राम खेरुआ के सैकड़ों आदिवासी सरकारी रास्ते पर अतिक्रमण के कारण परेशान बने हुए थे, महज दो सौ फिट शासकीय रास्ते पर अतिक्रमण के चलते यहाँ पर निवास करने वाले आदिवासियों को निकलने में परेशानी के साथ साथ ना तो यहाँ से निकल पा रहे हैं और न ही अपने बाहन यहाँ से निकल पा रहे थे यहाँ तक की पीड़ित आदिवासियों का कहना है कि अपने खेतों से कृषि उपज लाने ले जाने में परेशान होना पडता है,रास्ते पर अतिक्रमण परेशानी के चलते खेत में ही कृषि उपज काटकर वहीं से व्यापारी को बेचना मजबूरी बना हुआ था, यह समस्या कोई आज की समस्या नहीं है काफी लंबे समय से यह समस्या बनीं हुई थी, स्थिति यहाँ तक बनीं हुई थी कि, आदिवासियों की संतानों की शादी विवाह करने के लिए इस अतिक्रमण के कारण संकीर्णता के साथ काम करना पडता था। एक ही परिवार की आपस की फूट के कारण एक बड़ा आदिवासी समुदाय परेशान था, इस रास्ते को खोलने के लिए अनेकों जतन किये गए लेकिन राजनैतिक दांवपेंच के चलते रास्ते का अतिक्रमण हटाने को संबंधित तैयार नहीं थे, यहाँ के सजग आदिवासी अशोक कुमार ठाकुर के द्वारा अपनी समाज के प्रतिनिधिमण्डल के साथ जब पूरी स्थिति क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अमले को जानकारी देते हुए बताया कि महज दो सौ फीट रास्ता ना खुल पाने के कारण यहाँ के लोगों को पांच किलोमीटर चक्कर लगाकर जाना आना पड़ता है, खेरुआ से टपरियों गाँव जाने के लिए पहले मदनपुर आना पडता है, फिर टपरियों के लिए जाना पडता है, यदि यह अतिक्रमण हटा दिया जाता है तो खेरुआ के लोगों को अपनी कृषि उपज घर तक लाने ले जाने में सुविधा के साथ वाहन निकलने के लिए सुविधा फिर टपरियों गाँव तक मात्र एक किलोमीटर तक का रास्ता तय करना पडेगा। क्षेत्रीय विधायक संजय शर्मा के द्वारा तत्काल प्रभाव से पत्र लिखकर अधिकारियों को अवगत कराया गया था। इस विषय को तहसीलदार तेंदूखेडा द्वारा मौके पर राजस्व अमले को भेजकर वस्तु स्थिति का जायजा लिया, तथा वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत कराते हुए आवश्यक मार्गदर्शन लेते हुए एक टीम गठित कर सोमवार को खेरुआ पहुँच कर अतिक्रमण उखाड़ फेंका, इतना ही नहीं बल्कि शासकीय रास्ते को चिन्हित कर चूना डाल कर ग्रामीणों को निकलने के लिए आजाद करा दी।

## साहिल दास का राज्य स्तरीय हॉकी टीम में चयन



**नरसिंहपुर यभाप्र।** म.प्र. शासन उच्चशिक्षा विभाग के निर्देशानुसार खेल केलेण्डर 2022-23 के अंतर्गत संभाग स्तर हॉकी पुरूष प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय ओ.एफ.के. महाविद्यालय के आयोजन में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय शारीरिक शिक्षण विभाग जबलपुर के खेल परिसर में दिनांक 2 दिसम्बर 2022 को किया गया। उक्त प्रतियोगिता में एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर में अध्ययनरत् बी.कॉम प्रथम वर्ष के छात्र साहिल दास का चयन रा.दु.वि.वि. जबलपुर हॉकी (पुरूष) टीम में हुआ है। राज्य स्तर हॉकी प्रतियोगिता राजीव गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में 15 दिसंबर 2022 से 17 दिसंबर 2022 तक आयोजित की जावेंगी। साहिल दास रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व राज्य स्तर पर करेगें।

# सोनू दुबे जिला ग्रामीण अध्यक्ष नियुक्त

**जबलपुर, यशभारत।** म.प्र. कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की सहमति एवं महामंत्री प्रभारी समस्त प्रकोष्ठ जे. पी. धनोपिया के अनुमोदन से सोनू दुबे शहपुरा को जिला ग्रामीण अध्यक्ष जिला जबलपुर (म.प्र.) के पद पर नियुक्त किया गया है।



# मैच जीता, दिल भी जीते...

## गम में डूबे मोड्रिच को अर्जेंटीना के खिलाड़ियों ने दिया हौसला, मेसी ने यूं मनाया जीत का जश्न



**दोहा, एजेंसी।** फीफा वर्ल्ड कप 2022 के पहले सेमीफाइनल में अर्जेंटीना ने जीत हासिल कर ली है। दो बार की चैंपियन अर्जेंटीना ने लुसैल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में क्रोएशिया को 3-0 से हराया। इस एकतरफा जीत के साथ मेसी की टीम छठी बार टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई है। दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी का यह आखिरी वर्ल्ड कप हो सकता है और वह अपना पहला खिताब जीतने रविवार को उतरेंगे। वहीं क्रोएशिया के लुका मोड्रिच के सपना टूट गया है।

### 37 साल के मोड्रिच का आखिरी वर्ल्ड कप

37 साल के लुका मोड्रिच का यह आखिरी वर्ल्ड कप माना जा रहा है। 2018 में टीम फाइनल तक पहुंची थी लेकिन वहां उन्हें हार मिली। इस बार कप्तान लुका मोड्रिच की अगुवाई में टीम एक बार भी कमाल कर रही थी लेकिन अर्जेंटीना ने सेमीफाइनल में उनका सफर समाप्त कर दिया। इस हार के बाद मोड्रिच काफी निराश दिखे।

### डी मारिया ने मोड्रिच को चूमा

अर्जेंटीना के एंजेल डी मारिया ने मैच के बाद क्रोएशिया के कप्तान लुका मोड्रिच को गले लगाकर चूम लिया। दोनों के बीच कुछ समय तक बात भी हुई। दोनों खिलाड़ी एक साथ रियल मैड्रिड के लिए खेल चुके हैं।

### टनल में मोड्रिच से मिले अगुएरो

अर्जेंटीना के पूर्व खिलाड़ी सर्गियो अगुएरो को स्वास्थ्य समस्यों की वजह से पिछले साल फुटबॉल से संन्यास लेना पड़ा था। लेकिन वह टीम को सपोर्ट करने के लिए कतर में हैं।

### 81वें मिनट में हुए सब्स्टिट्यूट

लुका मोड्रिच क्रोएशिया के लिए पूरे मुकाबले में हिस्सा भी नहीं ले पाए। तीन गोल लगने के बाद टीम की हार पूरी तरह पक्की हो गई तो मैनेजर ने 81वें मिनट में मोड्रिच को सब्स्टिट्यूट कर दिया। उनकी जगह लोवरो मजेर मैदान पर उतरे। बाहर आते समय दर्शकों ने मोड्रिक के लिए जमकर तालियां बजाई।

### मार्टिनेज ने लिवाकोविच को संभाला

क्रोएशिया के गोलकीपर ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाया था। लेकिन उनके फाउल के कारण अर्जेंटीना को पेनल्टी मिली और टीम ने पहला गोल किया। मैच के बाद अर्जेंटना को गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने क्रोएशिया को लिवाकोविच को गले से लगा लिया।

### जमकर जश्न भी मनाया

अर्जेंटीना के खिलाड़ी जीत का जश्न मनाने में भी पीछे नहीं रहे। खिलाड़ी उस स्टैंड्स की तरफ चले गए जहां अर्जेंटीना के फैंस थे। सभी ने वहां जाकर फैंस के साथ जीत का जश्न मनाया।

### डांस करते दिखे खिलाड़ी

फाइनल में पहुंचने के बाद अर्जेंटीना के कुछ खिलाड़ियों ने डांस भी किया। टीम के लिए नंबर-7 जर्सी पहनने वाले रोड्रिगो डी पॉल ने जर्सी उतारकर डांस किया।

### रविवार को खिताबी मुकाबला

फीफा वर्ल्ड कप 2022 का खिताबी मुकाबला रविवार यानी 18 दिसंबर को खेला जाएगा। इसमें अर्जेंटीना की टक्कर किससे होगी इसका फैसला दूसरे सेमीफाइनल के बाद होगा।

# कौन बनेगा करोड़पति 14 होने जा रहा है ऑफ एयर भावुक अमिताभ बच्चन ने कहा ... कमी खलेगी

**मुंबई, ईएमएस।** टीवी का इकलौता और सबसे पसंद किया जाने वाला क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति सीजन 14 अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। सीनियर्स के बाद अब जूनियर्स कंटेस्टेंट्स हॉट सीट पर नजर आ रहे हैं। अमिताभ बच्चन उनके साथ भी इंजॉय कर रहे हैं और उनकी कम्प्यूटर स्क्रीन पर एक-से-एक सवाल पेश कर रहे हैं। खैर।अब फैन्स के लिए बुरी खबर ये है कि ये अब ऑफ एयर होने जा रहा है। इसका इशारा अमिताभ बच्चन ने अपने लेटेस्ट व्लॉग में कर दिया है। बिग बी उर्फ अमिताभ बच्चन ने बताया है कि **Kaun Banega Crorepati** 14 की शूटिंग अब खत्म होने जा रही है। तीन-चार महीने से लगातार टीवी पर आ रहे इस शो का अब पैकअप हो गया है। अब इससे फैन्स के साथ-साथ शो के होस्ट नाखुश हैं। वह नहीं चाहते कि ये बंद हो। उन्होंने लिखा- केबीसी में दिन अब खत्म हो रहे हैं। कास्ट और क्रू को भी इसकी कमी खलेगी। लेकिन उम्मीद है कि हम सब फिर से साथ होंगे.. जल्द ही...।



### अमिताभ बच्चन के लिए खास था KBC 14

बता दें इस बार कौन बनेगा करोड़पति 14 की शूटिंग के दौरान अमिताभ बच्चन को कोरोना हो गया था। हालांकि बाद में वह ठीक हुए तो शो में वापसी की। इस सीजन में ही जया बच्चन और बेटे अभिषेक बच्चन ने एक्टर का धूमधाम से बर्थडे सेलिब्रेट किया था। कई पुरानी यादों को भी फैन्स के साथ साझा किया था। इतना ही नहीं, अमिताभ बच्चन भी इस शो को खूब इंजॉय करते हैं। वह कंटेस्टेंट्स के साथ इतना घुल-मिल जाते हैं कि मानो वह उनका ही एक छोटा-परिवार हो। खैर। फैन्स को उम्मीद है कि वह अगले साल एक नए जोश के साथ उनकी टीवी स्क्रीन पर दिखाई देंगे।

### बिग बी ने ब्लॉग में लिखी मन की बातें

अमिताभ बच्चन ने आगे बताया है कि इस शो पर अलग-अलग नामी हस्ति आती है और समाज में अपने योगदान के बारे में बताकर सबको प्रेरित करती है। इतना ही नहीं, उनके साथ बातचीत करना और उनके कुछ बहुत ही शैक्षिक विचारों को सीखना एक सम्मान की बात रही है। सभी के लिए एक सीख की बात है और मेरे लिए खासकर। एक्टर ने आगे कहा कि इस शो को अभी के लिए अलविदा कहना थोड़ा अटपटा लग रहा है।

# सचिन तेंदुलकर की दीवाली, युवराज के पिता से गुरुमंत्र लेकर बेटे अर्जुन ने किया फर्स्ट क्लास डेब्यू



**नई दिल्ली,एजेंसी।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के लिए आज सबसे अधिक खुशी का दिन होगा। उनके बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने उनकी राह पर चलते हुए क्रिकेट खेलना शुरू किया और आज गोवा के लिए अपने फर्स्ट क्लास क्रिकेट करियर का आगाज किया। वह गोवा क्रिकेट असोसिएशन अकैडमी ग्राउंड, पोरवोरिम स्टेडियम में राजस्थान के खिलाफ रणजी ट्रॉफी 2022-23 के एलिट ग्रुप-सी के एक मुकाबले खेल रहे हैं।

### युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने दी है ट्रेनिंग

पिता की टीम मुंबई को अलविदा कहकर गोवा से जुड़ने वाले अर्जुन हाल ही में युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह से ट्रेनिंग लेते दिखाई दिए थे। इसके बाद माना जा रहा था कि वह जल्द ही गोवा के लिए डेब्यू कर सकते हैं। दरअसल, भारत के सबसे बड़े ऑलराउंडर युवी को क्रिकेट का युवराज बनाने का श्रेय उनके पिता को जाता है। वह काफी कड़े ट्रेनर रहे हैं। उन्होंने युवराज सिंह को क्रिकेटर बनाने के लिए सबकुछ दांव पर लगा दिया था।

### पिता की फेंचाइजी मुंबई इंडियंस का हिस्सा हैं अर्जुन

दूसरी ओर, 23 वर्ष के अर्जुन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं और बल्लेबाजी भी कर लेते हैं। कई मर्तबा उन्होंने अपनी बॉलिंग से दिग्गजों को हैरान भी किया है। पिछले दो सीजन से वह मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा रहे हैं। हालांकि, उन्हें अभी भी अपने पहले मुकाबले का इंतजार है। सचिन तेंदुलकर इंडियन प्रीमियर लीग में सिर्फ मुंबई इंडियंस की ओर से खेले और बाद में इस टीम के मेंटॉर-आइकन भी बने।

# वॉर्नर अहम हथियार, भारत दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया करेगा खास अंदाज में इस्तेमाल

**मेलबर्न, एजेंसी।** डेविड वार्नर ने हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में सिर्फ 25.5 की औसत से रन बनाए और 2022 में नौ टेस्ट में उनका औसत 23 ही रहा है। ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्र्यू मैकडोनाल्ड ने डेविड वार्नर के टेस्ट करियर को लेकर लग रही अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा है कि यह अनुभवी बल्लेबाज खराब फॉर्म के बावजूद अगले साल के भारत दौरे के लिए टीम की रणनीति का हिस्सा है।एंड्र्यू मैकडोनाल्ड ने शनिवार से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ब्रिसबेन में शुरू हो रही तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में उनके अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई है। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'अगले तीन टेस्ट में प्रदर्शन देखते हैं लेकिन इस समय भारत दौरे के लिए वह हमारी रणनीति में शामिल है।' 36 वर्ष के वार्नर पहले ही कह चुके हैं कि इस सत्र के बाद वह अपने टेस्ट करियर को लेकर फैसला लेंगे। कोच ने कहा कि वह वार्नर के मौजूदा फॉर्म को लेकर बिल्कुल चिंतित नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'उसके भीतर रनों की भूख अभी भी है। वह क्रीज पर व्यस्त रहता है, उसने कोई संकेत नहीं दिया है और वह खेलते रहना चाहता है। हम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के लिए खेल रहे हैं और वह इसका हिस्सा बनना चाहता है। दक्षिण अफ्रीका के बाद भारत का दौरा है तो फिलहाल किसी और चीज का कोई संकेत नहीं है।





# वाह! 3 घंटे में नवाजुद्दीन सिद्दीकी को बना दिया अर्चना... इस वीडियो को देख लोग ले रहे मज

**मुंबई, एजेंसी।** जून, 2022 में जी5 पर एक फिल्म रिलीज हुई थी, जिसका नाम था अर्ध। इसमें दिखाई दिए थे रुबीना दिलैक, हितेन तेजवानी और राजपाल यादव, जो महिला बनकर रोजी-रोटी कमाते थे। अब एक और मूवी आ रही है, जिसका पोस्ट पहले ही रिलीज हो चुका था। उसका नाम है- हड्डी। इसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी महिला बने हैं और ट्रांसजेंडर की कहानी दिखा रहे हैं। हालांकि उनको इस किरदार में ढलने के लिए घंटों कमर तोड़नी पड़ी। ऐसा हम नहीं उनका ये वीडियो कह रहा है। दरअसल, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म च्हड्डीज का जब पोस्टर आया था, तब भी उनके लुक्स पर बात हुई थी। लोगों ने अर्चना पूरन सिंह से तुलना कर दी थी। अब जब आदमी से औरत बनने का वीडियो सामने आया तब भी लोग ऐसा ही कह रहे हैं। जी स्टूडियो की तरफ से शेयर किए गए वीडियो में नवाजुद्दीन का पूरा ट्रांसफॉर्मेशन दिखाया गया है। इसमें उनको 3 घंटे से ज्यादा का समय लगता है।

### नवाजुद्दीन सिद्दीकी का तगड़ा ट्रांसफॉर्मेशन हुआ

मेकअप रूम में रिकॉर्ड किए गए वीडियो में दिखाई दे रहा है कि नवाज कुर्सी पर बैठे हैं और शीशे की तरफ देख रहे हैं और मेकअप आर्टिस्ट उनका मेकओवर कर रहा है। पहले वह उनका फेस मेकअप करता है। एक घंटा पूरा उसमें चला जाता है। फिर उनके बालों पर काम होता है। विग पहनाया जाता है। पूरे बाल सेट किए जाते हैं रियल बालों को अंदर धकेला जाता है और नकली वाले को सेट किया जाता है। उसमें भी डेढ़-दो घंटा चला जाता है। ऐसे करके वह अपने किरदार के लिए तैयार हो पाते हैं।

### लोगों ने नवाजुद्दीन की अर्चना से की तुलना

अब जब ये वीडियो सामने आया तो लोगों ने रिएक्शन देना शुरू कर दिया। साथ ही अर्चना पूरन सिंह का भी जिक्र कर दिया। एक ने लिखा- नवाद एकदम अर्चना पूरन सिंह की तरह दिखाई दे रहे हैं। एक यूजर ने कहा- इससे अच्छा तो सीधे अर्चना पुरन सिंह को ही ले लेते मेकअप का खर्चा बच जाता। वहीं, कुछ ने नवाज के साथ-साथ उनके मेकअप आर्टिस्ट की भी तारीफ की। एक ने लिखा- नवाजुद्दीन से अर्चना सिर्फ 3 घंटे में, तालियां।

# 3 धाकड़ भारतीय खिलाड़ियों के शानदार कॅरियर का होगा दुखद अंत, रोहित का जिगरी दोस्त भी है शामिल



**नई दिल्ली, ईएमएस।** बीसीसीआई की एपेक्स काउंसिल की 21 दिसंबर को होने वाली बैठक के दौरान 2022-23 सीजन के लिए सूची को अंतिम रूप दिए जाने के साथ अजिंक्य रहाणे और ईशांत शर्मा को अपने सालाना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से हटाया जा सकता है। दूसरी तरफ शुभमान गिल और सूर्यकुमार यादव को प्रमोशन मिल सकता है। दोनों अभी ग्रुप सी में हैं। भविष्य के टी20 कप्तान के रूप में पेश किए जा रहे हार्दिक पंड्या को ग्रुप सी से ग्रुप बी में पदोन्नति मिलने की संभावना है। भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ से लगभग बाहर हो चुके पूर्व उप-कप्तान रहाणे और तेज गेंदबाज ईशांत का सूची से बाहर होना लगभग तय है। विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा को भी सूची से बाहर कर दिया जाएगा क्योंकि उन्हें साल की शुरुआत में बता दिया गया था कि उन्हें फिर से भारत के लिए नहीं चुना जाएगा। इस तरह इन तीनों ही खिलाड़ियों का करियर खत्म होते दिख रहा है। यह लगभग तय है कि साहा को विदाई मैच नहीं मिले। रहाणे और ईशांत के साथ भी ऐसा हो सकता है।

# लियोनेल मेसी से भिड़ने वाले रेफरी को FIFA ने सिखाया सबक, जिंदगीभर याद रहेंगे ये 15 पाप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फीफा वर्ल्ड कप 2022 के सबसे विवादित रेफरी एंटोनियो मातेउ लाहोज को स्न्ढ्ढस्न ने किक आउट कर दिया। यानी बाहर का रास्ता दिखा दिया है। वह बचे हुए मैचों में नहीं दिखाई नहीं देंगे। फीफा वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल और फाइनल में रेफरी बनना हर किसी का सपना होता है, लेकिन एंटोनियो ने यह मौका गंवा दिया। माना जा रहा है कि यह कार्रवाई उस मैच के बाद हुई है, जिसमें नीदरलैंड्स की भिड़ंत लियोनेल मेसी की कप्तानी वाली अर्जेंटीना टीम भिड़ी थी। इस क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले में मातेउ लाहोज ने दोनों टीमों को 15 कार्ड बांटे थे, जिसमें एक रेड कार्ड भी शामिल था। यही नहीं, येलो कार्ड पाने वालों में लियोनेल मेसी का नाम भी शामिल था।



### अर्जेंटीना-नीदरलैंड्स मैच में बांटे थे 15 कार्ड

इस मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों के भिड़ंत भी हुई थी। बावजूद इसके 15 कार्ड बंटने को लेकर स्पेनिश रेफरी की खूब आलोचना हुई थी। खासकर लियोनेल मेसी से उनकी मैदान पर कहासुनी भी हुई थी। लाहोज को कतर से स्वदेश वापस भेज दिया गया है और वह टूर्नामेंट के बाकी चार मैचों में किसी भी तरह से हिस्सा नहीं लेगा। मेसी मैच के बाद लाहोज से खुश नहीं थे और पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने अपनी बात रखी थी।

### रेफरी पर लगा आरोप, ईमानदार नहीं थे


35 वर्षीय महान खिलाड़ी ने कहा था कि फीफा को इस तरह के फैसले लेने के बारे में सोचना चाहिए, क्योंकि उन्हें लगा कि स्पेन का रेफरी इस काम के लिए तैयार नहीं है। मैं रेफरी के बारे में बात नहीं करना चाहता, क्योंकि वह ईमानदार नहीं था। लेकिन हम खेल से पहले डरे हुए थे, क्योंकि हम जानते थे कि क्या होने वाला है।

### एमिलियानो मार्टिनेज ने कहा- लाहोज बेकार रेफरी हैं

अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने भी लाहोज की आलोचना की और कहा कि वह बेकार है। उन्होंने कहा था- उन्होंने बिना किसी कारण के 10 मिनट (विराम का समय) खराब किया। उन्होंने फ्री-किक भी दिए थे, जो सही नहीं था। वह चाहता था कि नीदरलैंड्स स्कोर करे। इसलिए उम्मीद है कि अब हमारे पास वह रेफरी नहीं है। वह बेकार है। उल्लेखनीय है कि अर्जेंटीना और नीदरलैंड्स के बीच मुकाबले में मेसी की टीम ने पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की थी। नियमित समय तक स्कोर 2-2 से बराबर था।

# दीपिका को ग्लैमरस अवतार में पेश करना चाहते थे मेकर्स

**नई दिल्ली।** मेकर्स दीपिका को उनके अब तक के सबसे ग्लैमरस अवतार में पेश करना चाहते थे। यह कहना है पठान के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद का। सिद्धार्थ ने कहा दीपिका एक शानदार अदाकारा होने के अलावा हमारे देश की सबसे हॉट अभिनेत्री भी हैं। फिल्म में चरित्र के लिए उन्हें कास्ट करना उतना ही जैविक था जितना कि यह मिल सकता था। वह आसानी से कमजोर और फिर भी बहुत बहुत सेक्सी हो सकती है। तो जब आप फिल्म में उसे लेते हैं तो आपको उसे इस तरह से पेश करना होता है जो उसके साथ पूरा न्याय करे। बेशरम रंग के लिए जब वह यूरोप के एक आश्चर्यजनक तटीय शहर में शाहरुख खान के साथ नृत्य कर रही हैं हमने फैसला किया कि स्क्रीन पर दीपिका कितनी हॉट दिख सकती हैं और जब आप इस अद्भुत गीत को देखेंगे तो इसका परिणाम सामने आ जाएगा।उन्होंने आगे कहा मैं उन्हें उनके अब तक के सबसे ग्लैमरस अवतार में पेश करना चाहता था। यह टीम और मेरे लिए एक मिशन बन गया।



# शबाना आजमी को फूटी आंख नहीं सुहाती थीं स्मिता पाटिल, महेश भट्ट थे दुश्मनी की वजह?



**मुंबई, ईएमएस।** बॉलीवुड में स्टार्स जितनी शिद्दत से दोस्ती निभाते हैं, उतनी ही नफरत से दुश्मनी भी। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में एक्टर्स के बीच दोस्ती और दुश्मनी के कई किस्से-कहानियां सुनने को मिल जाएंगे। इनमें से एक स्मिता पाटिल और शबाना आजमी की दुश्मनी की कहानी भी है। स्मिता ने महज 31 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया था, लेकिन अपने पीछे वो ढेर सारी यादें छोड़ गई। इन यादों में शबाना संग उनकी लड़ाई भी शामिल है। भले ही इन्होंने कई फिल्मों में साथ काम किया, लेकिन सेट पर इनकी जरा भी नहीं बनती थी। शबाना ने स्मिता के लिए बहुत कड़वे शब्द भी बोले थे, जिसका उन्हें बाद में बहुत अफसोस हुआ था। स्मिता पाटिल का जन्म पुणे में हुआ था। उनके पिता पॉलिटिशियन थे और मां सोशल वर्कर। वो बचपन में ही ड्रामा करने लगी थीं। उन्होंने बॉम्बे यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की और तब लोकल थिएटर ग्रुप का हिस्सा भी थीं। वो फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के कैंपस में खूब समय बिताती थीं। उन्होंने 70 के दशक में करियर की शुरुआत टीवी पर न्यूज रीडर से की। श्याम बेनेगल ने उन्हें खोजा और अपनी फिल्म में कास्ट किया। वो दिन दूनी और रात चौगुनी तरक्की पा रही थीं। वो न सिर्फ एक्टिंग करने में माहिर थीं, बल्कि अपनी फिल्मों से महिलाओं से जुड़े गंभीर मुद्दे भी सामने लेकर आती थीं। इसी दौरान शबाना आजमी भी नाम कमा रही थीं।

### अर्थ फिल्म में साथ किया था काम

स्मिता और शबाना ने 1982 में रिलीज हुई च्अर्थजफिल्म में साथ काम किया था। महेश भट्ट की इस फिल्म में दो औरतों की कहानी को दिखाया गया था। कहते हैं कि इसमें महशे और परवीन बाबी की कहानी दिखाई गई थी। फिल्म में दोनों ही एक्ट्रेसेस ने शानदार एक्टिंग की थी।

### 46 साल पहले साथ में कान्स भी गई थीं

बॉलीवुड में 70 और 80 के दशक की नंबर वन एक्ट्रेसेस में से एक शबाना और स्मिता साथ में कान्स फिल्म फेस्टिवल में भी गई थीं। शबाना ने खुद सोशल मीडिया पर करीब 46 साल पहले की तस्वीर शेयर की थी। दोनों साड़ी में सादे लुक में थीं। इस तस्वीर को काफी पसंद किया गया था।

### शबाना और स्मिता के बीच क्यों थी अनबन?

शबाना आजमी ने एक बार खुलासा किया था कि उनकी स्मिता पाटिल से क्यों नहीं पटती थी। उन्होंने बताया था कि उनका और स्मिता का बैकग्राउंड लगभग एक जैसा था। दोनों को ही श्याम बेनेगल ने लॉन्च किया था। दोनों के ही पैरेंट्स सोशलिस्ट मूवमेंट से जुड़े हुए थे। जब दोनों च्अर्थजफिल्म में काम कर रही थीं, तब महेश भट्ट से स्मिता काफी नाराज हो गई थीं, क्योंकि एडिटिंग के दौरान मूवी से उनके कई सीन्स काट दिए गए थे। जिसकी वजह से उनके किरदार का महत्व कम हो गया था। बताया जाता है कि स्मिता को लगा था कि महेश और शबाना की अच्छी दोस्ती है, इसलिए उनके साथ ऐसा किया गया। इस विवाद के कारण स्मिता और महेश में बातचीत तक बंद हो गई थी। वहीं, शबाना और स्मिता एक-दूसरे को देखना तक पसंद नहीं करती थीं।

### शबाना को हुआ था पछतावा

आपको जानकर हैरानी होगी कि शबाना और स्मिता की फैमिली का आपस में रिलेशन बहुत अच्छा था, लेकिन वो एक-दूसरे से नफरत करती थीं। इसको लेकर शबाना ने स्मिता की मौत के बाद कहा था कि उन्होंने बहुत गलतियां की थीं। वो और स्मिता अच्छे दोस्त बन सकते थे। उन्होंने कहा था, च्मैंने स्मिता के लिए कड़वे शब्द बोले थे, जिसके लिए मैं बहुत ज्यादा शर्मिंदा हूं। मुझे लगता है कि मुझसे बहुत बड़ी गलती हो गई है।

## अनेक थानों में पेंडेंसी अधिक

# पुलिस का युद्ध स्तर पर निकासी पर फोकस



**जबलपुर, यशभारत।** 31 दिसंबर के पूर्व पुलिस थाना में दर्ज प्रकरण एवं शिकायतों का निष्पादन करने के निर्देश एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा सभी थाना प्रभारियों को दिए गए हैं। लंबित प्रकरणों की त्वरित विवेचना एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर फोकस करते हुए जिले के सभी थानों की पुलिस युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। वहीं, अनेक थानों में पेंडेंसी अधिक होने चलते प्रयास जारी है।

निर्देश के अनुसार एएसपी सहित सीएसपी, एसडीओपी एवं डीएसपी अपने-अपने अनुभाग एवं संभाग के थानों में लंबित प्रकरणों की मॉनिटरिंग करते हुए निष्पादन में आने वाली परेशानी में मार्गदर्शन कर निकासी कर रहे है। 31 दिसंबर के पूर्व जो भी पेंडिंग अपराध हैं उनके अधिक से अधिक चालान न्यायालय में पेश करने के निर्देश के साथ-साथ महिला अपराधों से संबंधित प्रकरणों का विशेष रूप से रिव्यू करने की बात कही गई है। किसी भी मामले में महिलाओं से संबंधित पेंडेंसी नहीं रहना चाहिए। गुमशुदा नाबालिग व महिलाओं की बरामदगी एवं गुम इंसान के मामले में तेजगति से कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि अपराध पर लगाम लगाना और लोगों को समय पर न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता में शामिल है।

### इन थानों में पेंडेन्सी ज्यादा

पुलिस शिकायतों की निकासी और आरोपियों को दबोचने लगातार प्रयासरत है। 31 दिसंबर के पहले तक नियमानुसार 5 प्रतिशत पेंडेंसी होना चाहिए। लेकिन शहर और देहात के अनेक थानों की स्थिति संतोषजनक नहीं है। जिसमें गढ़ा, ओमती, अधारताल सहित पनागर, रांझी सिहोरा में पेंडेंसी अधिक है। जिसकी निकासी करने पुलिस अब युद्धस्तर पर प्रयासरत है। ताकि किसी तरह स्थिति सम्हाली जा सके।

### नए मामलों में आनाकारी.....

सालभर की पेंडेंसी और उसकी निकासी के बीच अब नए प्रकरण दर्ज करने में आनाकानी का रवैया है। स्थिति के मुताबिक अब जो मामले आवश्यक है केवल उन्हीं पर एफआईआर दर्ज हो रहीं है, जबकि बाकी को बाद में आने, कार्रवाई करेंगे कहकर निपटाया जा रहा है। साथ ही बिना प्रकरण दर्ज किए केवल समझाईश देकर भी मुस्तैद पुलिस अनेक प्रकरणों का थाने से निपटारा कर रही है।

### महिलाओं व मासूमों को न्याय मिलने में हो रही देरी

जबलपुर पुलिस के पास महिला अत्याचार और बाल अत्याचार कई मामले पेंडिंग हैं। ऐसे मामलों के अटकने से महिलाओं व मासूमों को न्याय मिलने में देरी हो रही है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के भी कुछ प्रकरण पेंडिंग हैं। स्थानीय एवं विशेष अधिनियम के अनेक प्रकरण पेंडिंग हैं।

### थानों में पड़ी हैं सैकड़ों फाइलें

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक शहर के अनेक थानों में सैकड़ों केस फाइलें पड़ी हुई हैं। पेंडिंग चालान का मतलब उन फाइलों से है, जिसमें जांच अधिकारी चालान की सिफारिश कर चुका है, लेकिन वो उच्च अधिकारियों या कोर्ट प्रोसेस शुरू नहीं होने से पेंडिंग हैं। इसी तरह एफ आर फाइलों में सभी तरह के मुकदमे हैं, जो पुलिस ने सामान्य, विशेष एक्ट और आईपीसी में दर्ज किए हैं।





# बेसहारों और निराश्रितों का सहारा बने महापौर

## खुले आसमान के नीचे सोने वाले निराश्रितों को निगम के आश्रय स्थलों में पहुंचाने अन्नू की मानवीय पहल

**जबलपुर, यशभारत।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू जहां शहर विकास के लिए कृत संकल्पित हैं वहीं वे मानव सेवा के लिए भी तत्पर हैं। वे बेसहारों और निराश्रितों का सहारा बनकर सामने आए हैं। ठंड में खुले आसमान के नीचे सोने वाले निराश्रितों को निगम के आश्रय स्थलों में पहुंचाने महापौर की मानवीय पहल मंगलवार को आधी रात में उस समय देखने में आई जब *महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के द्वारा रात भर चौराहों, तिराहों और अन्य सार्वजनिक जगहों पर घूम घूम कर सभी बेसहारों को हाथ जोड़कर रैन बसेरों में पहुंचाया गया।

### लगभग 10 निराश्रितों को हाथ जोड़कर पहुंचाया रैन बसेरा

महापौर ने कलेक्ट्रेट, हाइकोर्ट, सिविल लाइंस, रेलवे स्टेशन, घंटाघर आदि जगहों से लगभग 10 निराश्रितों को हाथ जोड़कर रैन बसेरा पहुंचाया। महापौर श्री अन्नू द्वारा पहल करते हुए निगम प्रशासन से 7 लोगों की टीम भी गठित कराई गई। टीम के सभी सदस्य अब प्रतिदिन रात्रिकालीन भ्रमण कर सभी चिन्हित स्थलों से गरीबों को उठाकर सम्मान के साथ आश्रय स्थल पहुंचायेंगे। महापौर के निर्देश पर अब यह प्रक्रिया नियमित रूप से जारी रहेगी। महापौर श्री अन्नू ने बताया कि क्षेत्रीय बस स्टैंड, अधारताल, आई एस बी टी बस स्टैंड, ग्वारीघाट, पिसनहारी की मढिया तिलवारा घाट और राजा गोकुलदास धर्मशाला रैन बसेरों के अलावा बस स्टैंड के विश्राम गृह भी बेसहारों के लिए 24 घंटे खुले हैं। टीम के आग्रह के बाद भी यदि कोई निराश्रित रैन बसेरा में जाने तैयार नहीं होता है तो उनके लिए वहां अलाव की व्यवस्था कराई जाएगी।

# दोस्त के घर ले जाकर छात्र ने युवती को बनाया हवस का शिकार

**जबलपुर,यशभारत।** गोरखपुर के हाथीताल कॉलोनी में बलात्कार का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जहां आरोपी छात्र ने पड़ोस की युवती को पहले तो अपने प्रेम के जाल में फंसाया और फिर बहाना बनाकर दोस्त के घर ले गया, जहां जबरन उसके साथ ज्यादती की। जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने विवाह कर लेने का झांसा दिया। लेकिन बाद में विवाह से मुकर गया। जिसके बाद रोते हुए थाने पहुंची पीड़िता की शिकायत पर मुस्तैद पुलिस ने आरोपी को देर रात घेराबंदी कर दबोच लिया। जिससे पूछताछ जारी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि हाथीताल निवासी 22 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत करते हुए बताया कि वह एक कंपनी में प्राइवेट जॉब करती है। पास में ही आरोपी का घर है। जिसने पहले तो उसका मोबाइल नंबर लिया और फिर उसे प्रेम की मीठी-मीठी बातों में फंसाया। पीड़िता ने रोते हुए बताया कि आरोपी ने दोस्त के घर में संबंध बनाए उसके बाद लगातार तीन सालों तक उसका दैहिक शोषण करता रहा। वह जब भी विवाह करने की बात कहती तो आरोपी परिजनों से बात करने का आश्वासन देकर, टाल देता था। लेकिन जब आरोपी से विवाह करने का दबाव डाला तो उसने अपना मोबाइल नंबर बंद कर लिया और मिलने से भी इंकार कर दिया।

### पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा

पीड़िता के बताया कि जब वह आरोपी से मिलने पहुंची तो शादी से मुकरते हुए कहीं और विवाह कर लेने की बात कहकर, उसे सिरे से नकार दिया। जब यह बात परिजनों को पता चली तो वह पीड़िता को लेकर थाने पहुंचे। जहां पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, मामले में गंभीरता बरतते हुए 24 वर्षीय अध्ययनरत छात्र को दबोच लिया। जिससे सख्ती के साथ पूछताछ जारी है। कार्यवाही में थाना प्रभारी शिवेश बघेल सहित एसआई चंदन दुबे व स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# प्रेम प्रसंग में युवक ने मौत को लगाया गले

## फंदे पर झूलती लाश देखकर चीख पड़े परिजन, जाचं जारी

**जबलपुर, यशभारत।** केण्ट में एक युवक ने घर की बल्ली में फंदा बनाया और फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। जिस वक्त यह घटना हुई पूरा परिवार विवाह समारोह में शामिल होने गया हुआ था। जब वापस आकर देखा तो युवक फंदे पर झूलता मिला। परिजनों का शोर सुनकर पड़ोसियों ने पुलिस को फोन किया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे उतारकर पीएम हेतु भेजते हुए पूरा मामला जांच में लिया है। प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि युवक अविवाहित था और प्रेम प्रसंग को लेकर तनाव में था। अब पूरी जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि अनिकेत धामन 30 वर्ष निवासी केण्ट ने सूचना दी कि हेलटगंज में उसके बड़े पिता का बेटा मोना उर्फ विपिन धामन जो अविवाहित है, अपने बड़े भाई रिक्की धामन के साथ रहता था। रिक्की धामन ने बताया कि बिलहरी में परिवार सहित शादी में गया था वापस घर पहुंचा तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद था, अंदर से कोई जबाव नहीं मिला तब घर की छत की सीट तोड़कर अंदर दाखिल हुए तो देखा कि छत की बल्ली से उसका भाई मोना उर्फ बिपिन धामन 33 वर्ष पर्दे के कपड़े से गले में फासी लगाकर लटका था। जिसकी मौत हो चुकी थी।



# पीछे बंधे हैं हाथ मगर शर्त है सफर किससे कहें कि .. ।

### ओएफके में जेडब्लूएम का निलंबन रद्द करने संयुक्त ज्ञापन

**जबलपुर यशभारत।** ओएफके में बमों के लाट फेल होने के आरोप में निलंबित दोनों जेडब्लूएम का निलंबन रद्द कर उन्हें ड्यूटी पर वापिस लेने के लिए खमरिया के दोनों एसोसिएशन आईओएफजीओए और एनडीजीबीओए के संयुक्त फोरम के तत्वावधान में आयुध निदेशालय कोलकाता और मिल के सीएमडी के नाम ज्ञापन सौंपा इसी के साथ आईओएफजीओ ए के राष्ट्रीय सचिव एस बी चौबे ने ओएफके महाप्रबंधक को ज्ञापन देकर दोनों जेडब्लूएम का निलंबन रद्द करने और वरिष्ठ अधिकारियों को भी इसके लिए जिम्मेदार बनाए जाने की मांग की है। दोनों संगठनों की ओर से सौपे गए ज्ञापन में लब्बोलुआब यही व्यक्त किया कि संस्थान में जेडब्लूएम की स्थिति ऐसी ही है कि पीछे बंधे हैं हाथ मगर शर्त है सफर किससे कहें कि पैर का कांटा निकाल देने वाली स्थिति है। ज्ञापन में कहा गया कि जेडब्लूएम संस्थान की रीढ़ है उन्हें मिडिल मेनेजमेंट के रूप में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाना पड़ता है। आर्थिक लाभ कुछ नहीं देकर पूरी जिम्मेदारी उन पर डाल दी जाती है। अगर माल फेल होता है तो उसकी जिम्मेदारी उन पर डाल दी जाती है और माल पास होने पर पूरा श्रेय बड़े अधिकारियों के खाते में चला जाता है। मांग की गई कि दोनों जेडब्लूएम का निलंबन तत्काल समाप्त कर इस मामले में क्लास वन अधिकारियों को बराबर का जिम्मेदार माना जाए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। ज्ञापन सौपे जाने के दौरान आईओएफजीबीओ के बी बी ओझा डी के पांडे रामानंद यादव सुबीर मुखर्जी तथा एनडीजीबीओए की ओर से धीमान दत्ता मदन गोपाल गर्ग आदि उपस्थित थे।

# हैदराबाद भागे शातिर चोर को पुलिस ने दबोचा

**जबलपुर, यशभारत।** घमापुर पुलिस ने घर की शीट काटकर 2 मोबाइल, नगदी पांच हजार रुपये और बर्तन चुराकर हैदराबाद भागे आरोपी को दबोच लिया है। जिसके पास से पुलिस ने चोरी का माल बरामद कर लिया। पकड़ा गया आरोपी चोरी की वारदात को अंजाम देकर हैदराबाद भाग गया था, जिसके जबलपुर पहुंचते ही पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। जानकारी अनुसार थाना प्रभारी घमापुर चंद्रकांत झा ने बताया कि कमल सिंह 45 वर्ष निवासी बल्दीकोरी की दफाई ने लिखित शिकायत की थी कि वह अपनी बेटी प्राची को रंक्षाबंधन के त्यौहार के लिये ससुराल से अपने घर लेकर आया था, बेटी प्राची के पास इंटेल कम्पनी का एवं ओप्पो कम्पनी के मोबाइल थे। घर की शीट तोड़कर सूरज राजपूत उसके घर से 2 मोबाइल एवं 5 हजार रूपये, बर्तन चुरा कर गैस सिलेण्डर उठा रहा था तभी उसने सूरज राजपूत को पकड़, जो धक्का देकर भाग गया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी सूरज राजपूत 21 वर्ष निवासी करियापाथर मरघटाई को अभिरक्षा में लेते हुये पूछताछ की गयी।

### आज त्रयोदशी



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि स्व श्रीमती लक्ष्मी पांडेय (बिन्नी) पति स्व डॉ. नर्मदा प्रसाद पांडेय का त्रयोदशी संस्कार बुधवार को होना है। कृपया कार्यक्रम में पधारकर ब्रम्हालीन आत्मा को शांति प्रदान करें

**स्थल**
387, दक्षिण मिलौनीगंज, जबलपुर (मप्र)

**शोकाकुल परिवार**
डॉ सतीश पांडेय, गिरीश, डॉ शैलेंद्र, प्राणेश, सर्वेश, अंबरीश, अविनाश, व समस्त परिवार

### श्रद्धांजलि



स्व. श्रीमति लक्ष्मी पांडेय

हमारे परम प्रिय मित्र एवं मार्गदर्शक, डॉ. सतीश पांडेय, वरिष्ठ पत्रकार श्री गिरीश पांडेय, डॉ. शैलेन्द्र पांडेय की माता जी श्रीमति लक्ष्मी पांडेय के बैकुण्ठ लोक गमन पर हमारी ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि एवं शत्-शत् नमन। ईश्वर श्रीमति लक्ष्मी पांडेय की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देवे।

होटल स्वास्तिक एंड रेस्टोरेंट
रसल चौक जबलपुर

दुआ से तकदीर बदलती है आप है परेशान हमसे पाये समाधान
27 साल के अनूभवी अली शाह
करनी करतूत, बीमारी में दवा ना लगना, कारोबार और घर में बरकत ना होना, प्रेम विवाह, वशीकरण, गृहकलेश, बंदिशबाधा रुकावट आदि ऐसे तमाम रुहानी परेशानी के हल के लिए आज ही मिले।
संपर्क करें मो. 8878383610, 8982585083

सांई हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं सांई टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी
MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्दी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
इक्सी, टेस्ट ट्यूब सेंटर, दूरबीन द्वारा बांझपन का निदान, बंद ट्यूब व टीटी ऑपरेशन खोलना, दूरबीन द्वारा बच्चादानी(टीएलएच), ओवरी की सिस्ट नली में ठहरे गर्भ व बच्चेदानी के ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, कृत्रिम गर्भाधान IUI IVF ICSI व सुरक्षित गर्भपात।
पथरी, हार्निया, एपेन्डिक्स, पाइल्स, गाल ब्लेडर, बच्चेदानी, स्तन की गठान, बंद ट्यूब गर्भधान इत्यादि सभी आपेरेशन व इलाज की सुविधा
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550

क्रिसमस एवं नूतन वर्ष की शुभकामनाएं
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नीशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कंबल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

क्रिसमस एवं नूतन वर्ष की शुभकामनाएं
शॉल ही शॉल...
लक्ष्मी एम्पोरियम
• काश्मीरी • प्योरऊल • जमावार • सिप्पीवर्क • कानीवर्क • आरी वर्क •
फैंसी रंग डिज़ाईन
नया स्टॉक उचित दाम
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

JYOTI INNER ZONE
सभी कम्पनियों के विन्टर इनर उपलब्ध
LUX COZI | AMUL MACHO | RUPA | JOCKEY | DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
ठण्ड के स्पेशल आइटम उपलब्ध है
→ तिली चिक्की → तिली लड्डू → तिली रेवड़ी → मूंगफल्ली की लड़या → रोस्टेट नमकीन → वेक्ड टोस्ट → करेला चिप्स → बिस्केट → फुल्की → गजक → सिंधी पापड़ → चने
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
28 YEARS | SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
प्लाट नं. 5, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)
24x7 Emergency & Pharmacy
Emergency No 95758 01020
www.shalby.org

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com
www.galaxyhospitaljbp.com

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बीमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)